प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



"राजनीति ऐसी फील्ड है जहां कभी फुल स्टॉप नहीं होता" पेज- 2

पेज-6 एसपी ने चौकी बाकरगंज का किया आकस्मिक निरीक्षण

वर्ष : 15 अंक : 90 | शनिवार 21 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

### वृंदावन पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू, दर्शन-पूजन के बाद संत प्रेमानंद महाराज से की मुलाकात, आध्यात्मिक चर्चा में लिया भाग

(एजेंसी) मथुरा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह संत प्रेमानंद से मुलाकात कर उनसे आध्यात्मिक चर्चा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति 19 मार्च से उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। बृहस्पतिवार को अयोध्या में दर्शन–पूजन के बाद वह मथुरा पहुंचीं, जहां उन्होंने मंदिरों में पूजा–अर्चना की और कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया। शुक्रवार सुबह उन्होंने आध्यात्मिक कार्यक्रमों से दिन की शुरुआत की। राष्ट्रपति राधा केली कुंज स्थित संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने संत के प्रवचन सुने। यह सप्ताह इसलिए भी विशेष है क्योंकि बृहस्पतिवार को संत प्रेमानंद जी महाराज का जन्मदिन था।

# एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है

## -जब उसके नागरिक स्वस्थ हों : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में नवनिर्मित नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक (कैंसर चिकित्सा केंद्र) के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। राष्ट्रपति ने कहा, आज कैंसर सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च स्तरीय उपचार मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन कुछ परिवारों के लिए आर्थिक परिस्थितियों के कारण इस बीमारी का इलाज मुश्किल या लगभग असंभव सा लगता है। मुर्मू ने कहा, ऐसे समय में जनसेवा की भावना से काम करने वाले संगठन समाज कल्याण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तर प्रदेश की तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन मथुरा–वृंदावन में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रही हैं।



# केरल में राहुल गांधी बोले- जनता को यूडीएफ पर पूरा भरोसा

## -जनता बदलाव के लिए तैयार

(एजेंसी) तिरुअनंतपुरम। केरल में चुनाव का एलान हो गया है। चुनावी हलचल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि केरल के लोग अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य में यूडीएफ की सरकार बनाने की वकालत की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा श्टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि हर उम्मीदवार केरलम के लोगों की आवाज, उनकी उम्मीदों और उनके भरोसे को दर्शाता है। इस टीम में अनुभवी नेताओं के साथ–साथ बदलाव लाने वाले युवा चेहरे भी शामिल हैं। यह पुरुषों और महिलाओं का एक ऐसा मजबूत समूह है, जो अपने चुनाव क्षेत्र की बारीकियों और समस्याओं को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने केरल से अपने खास लगाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा, श्मेरे लिए केरलम एक घर की तरह है और वहां के लोग मेरा परिवार हैं। केरल के लोगों ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है और मुझे जितना प्यार और अपनापन दिया है, उसके लिए मैं उनका कर्जदार हूं। मैं हमेशा आपका साथी बनकर रहूंगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि केरलम से मिलने वाला संदेश बिल्कुल साफ है। लोग बदलाव के लिए तैयार हैं। वे एक ऐसी सरकार की तलाश में हैं जो उनकी बात सुने, उनकी समस्याओं को समझे और ईमानदारी के साथ काम करके दिखाए। उन्होंने वादा किया कि आने वाली यूडीएफ सरकार के साथ मिलकर वे इस खूबसूरत राज्य के बेहतर भविष्य के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि केरल जीतेगा और यूडीएफ नेतृत्व करेगा। राहुल गांधी का यह संदेश कांग्रेस की ओर से 92 उम्मीदवारों की सूची जारी होने के एक दिन बाद आया है। केरल में नौ अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने हैं। सत्ताधारी एलडीएफ को कड़ी टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने इस बार किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव के मैदान में नहीं उतारने का फैसला किया है। पार्टी ने अंदरूनी दबाव के बावजूद अपने राज्य स्तर के नेतृत्व पर ही भरोसा जताया है। कांग्रेस कुल 92 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। बाकी सीटें यूडीएफ के अन्य सहयोगी दलों और कुछ निर्दलीयों के लिए छोड़ी गई हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस पिछले एक दशक से केरल की सत्ता से बाहर है।



# मानवता के लिए समर्पित चिकित्सा ही जीवन का पुनर्निर्माण : आनंदी बेन पटेल

(एजेंसी) मथुरा। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को कहा कि जब चिकित्सा विज्ञान मानवता के कल्याण के लिए समर्पित होता है, तब वह जीवन के पुनर्निर्माण का माध्यम बन जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज यहां रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चौरिटेबल अस्पताल, वृंदावन धाम के नवनिर्मित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया और इस मौके पर राज्यपाल पटेल भी मौजूद थीं। लोक भवन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक इस अवसर पर आनंदीबेन पटेल ने वृंदावन की पावन धरा को सेवा एवं करुणा की भूमि बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के नर सेवा ही नारायण सेवा के आदर्श को रामकृष्ण मिशन पिछले 118 वर्षों से साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक छोटे सेवा केंद्र से 400 बिस्तरों की सुविधा वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल तक की यात्रा सेवा के विराट स्वरूप का उत्कर्ष है। राज्यपाल ने कहा, जब चिकित्सा विज्ञान मानवता के कल्याण हेतु समर्पित होता है, तब वह जीवन के पुनर्निर्माण का माध्यम बन जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ऑन्कोलॉजी ब्लॉक असंख्य मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। पटेल ने इस कार्य में संलग्न संन्यासियों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मियों तथा दानदाताओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा से आंकी जाती है, इसलिए स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को समग्र विकास का मूल आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत बजट में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, सीटों के विस्तार तथा पूंजी निवेश के साथ–साथ आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के लिए पर्याप्त संसाधन सुनिश्चित किए गए हैं। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि अस्पताल केवल उपचार का केंद्र न रहकर मानवीय संवेदनाओं के तीर्थस्थल बनें, जहां रोग के साथ–साथ भय और असुरक्षा से भी मुक्ति मिल सके। उन्होंने सभी से ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया, जहां स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार हों और सेवा, करुणा एवं मानवता प्रत्येक कार्य का आधार बने।




# बढ़त के साथ खुले घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में आई शुरुआती तेजी

(एजेंसी) मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 976.77 अंक चढ़कर 75,184.01 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 301.7 अंक की बढ़त के साथ 23,303.85 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाटा स्टील, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयर में तेजी रही। केवल एचडीएफसी बैंक के शेयर में गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का एसएसई कम्पोजिट बढ़त में रहे जबकि हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.9 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिवकाल रहे थे और उन्होंने 7,558.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,863.96 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने जलुकबाड़ी से नामांकन दाखिल किया

(एजेंसी) दिसपुर। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी के तौर पर शुक्रवार को जलुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ उनकी पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा, बेटा नंदिल विश्व शर्मा और गुवाहाटी से भाजपा की सांसद बिजुली कालिता मेधी मौजूद थीं। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मुख्यमंत्री ने एक वाहन पर सवार होकर खानापारा क्षेत्र के वेटरिनरी फील्ड से लगभग 5.6 किलोमीटर दूर कामरूप (महानगर) जिला निर्वाचन कार्यालय तक रैली निकाली जहां उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले मुख्यमंत्री ने अपनी मां मृणालिनी देवी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, शुभ काम की शुरुआत हमेशा मां के आशीर्वाद से होनी चाहिए। इन दिनों मैं उनके साथ अधिक समय नहीं बिता पाता, लेकिन उनका आशीर्वाद मुझे आई असोमी (मां असम) की सेवा जारी रखने की शक्ति देता है। रातभर और तड़के हुई भारी बारिश के बावजूद सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग वेटरनरी फील्ड में इकट्ठा हो गए थे। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में शर्मा ने कहा, मैं असम में चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करते समय खानापारा वेटरिनरी फील्ड से कामरूप (एम) में डीसी कार्यालय तक रैली में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित करता हूं। आपका आशीर्वाद मेरी इस यात्रा को ऊर्जा देगा और मुझे असम की जनता द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगा। शर्मा गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले जलुकबाड़ी का 2001 से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और आगामी चुनाव में वह लगातार छठी बार इस सीट को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। उन्होंने पहली बार 1996 में इस सीट से चुनाव लड़ा था जिसमें वह असम गण परिषद (एजीपी) के नेता भृगु कुमार फुकन से 17,000 मतों से हार गए थे लेकिन 2001 में उन्होंने 10,000 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर उनसे यह सीट छीन ली थी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच अगले दिन की जाएगी, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 मार्च निर्धारित है। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान नौ अप्रैल को होगा और मतगणना चार मई को की जाएगी।



## विशेष सूचना

न्यूज़ वाणी के समस्त पाठकों, शुभचिंतकों एवं विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि ईद–उल–फितर के पावन पर्व के उपलक्ष्य में दिनांक 22 मार्च को समाचार पत्र न्यूज़ वाणी का प्रकाशन अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 23 मार्च को नियमित रूप से प्रकाशित किया जाएगा।

## ईद की दिली मुबारकबाद

संपादक की ओर से आप सभी को ईद–उल–फितर की हार्दिक बधाई। यह पावन पर्व आपके जीवन में नई खुशियां, आपसी भाईचारा, शांति और समृद्धि लेकर आए– इसी कामना के साथ।

– संपादक, न्यूज़ वाणी

# बंगाल चुनाव से पहले तबादलों पर घमासान

## -ममता बनर्जी बोलीं अघोषित राष्ट्रपति शासन लागू

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव से ठीक पहले बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले को लेकर चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग की कार्रवाई राज्य में "बिना घोषणा का राष्ट्रपति शासन" लागू करने जैसी है और इससे प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव से पहले एक साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों का तबादला किया जाना सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह राज्य सरकार की निर्णय लेने की क्षमता को सीमित करने की कोशिश है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई से सरकार के पास संकट की स्थिति में तुरंत निर्णय लेने वाले अधिकारी ही नहीं बचेंगे। ममता बनर्जी ने विशेष रूप से इस बात पर चिंता जताई कि इस समय बंगाल में आंधी–तूफान और प्राकृतिक आपदाओं का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे समय में प्रशासनिक ढांचे में बड़े पैमाने पर बदलाव कानून–व्यवस्था और आपदा प्रबंधन दोनों के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी आपात स्थिति में राज्य को तुरंत कार्रवाई करनी पड़ी तो अधिकारियों की कमी से हालात बिगड़ सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग का यह कदम केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि राजनीतिक है. तृणमूल कांग्रेस प्रमुख का कहना है कि राज्य के प्रमुख अधिकारियों को हटाकर शासन को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है, ताकि चुनाव के दौरान सरकार कमजोर दिखाई दे। उनके अनुसार यह संस्थाओं के "सुनियोजित राजनीतिकरण" का उदाहरण है और इससे संविधान की भावना को ठेस पहुंचती है। वहीं, दूसरी ओर चुनाव आयोग ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि चुनाव के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने के लिए अधिकारियों का स्थानांतरण एक नियमित प्रक्रिया है। आयोग का कहना है कि जिन अधिकारियों को हटाया गया है, उनके स्थान पर नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है ताकि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराया जा सके।



# थाईलैंड के नए नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री अनुतिन, पीएम मोदी ने दी बधाई : कहा -मिलकर काम करने के लिए उत्सुक

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड का प्रधानमंत्री निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में भारत–थाईलैंड रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए थाईलैंड के नेतृत्व के साथ मिलकर काम करने में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध साझा सभ्यतागत विरासत, घनिष्ठ सांस्कृतिक जुड़ाव और लोगों के बीच जीवंत संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत और थाईलैंड अपने–अपने देशों की जनता के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि की साझा आकांक्षाओं को लेकर एकजुट हैं। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा, थाईलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में श्री अनुतिन चर्नविराकुल के निर्वाचन पर उन्हें हार्दिक बधाई। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। हम मिलकर भारत–थाईलैंड की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे। हमारे संबंध साझा सभ्यतागत विरासत, घनिष्ठ सांस्कृतिक जुड़ाव और जन–जन के बीच जीवंत संबंधों पर आधारित हैं। भारत और थाईलैंड अपने लोगों के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि की साझा आकांक्षाओं को लेकर एकजुट हैं। उल्लेखनीय है कि श्री चर्नविराकुल गुरूवार को देश के नये प्रधानमंत्री चुने गये थे।



# सम्पादकीय

## मल्लिकार्जुन खड़गे बनाम एचडी देवेगौड़ा वार पर पलटवार

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चर्चित बयान मोहब्बत और शादी वाली बयान पर प्रतिक्रिया दी है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि बीते बुधवार को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व पीएम देवेगौड़ा के साथ कांग्रेस के संबंधों को याद करते हुए कहा था कि देवेगौड़ा साहब ने प्रेम का कांग्रेस से किया लेकिन शादी मोदी साहब से कर ली। मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान की सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक खूब चर्चा हुइ।. अब पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने कहा है कि कांग्रेस के साथ उनकी जबरन शादी हुई थी और इस रिश्ते में घुटन थी इसलिए उन्हें तलाक लेना पड़ा। पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा ने एक्स पर एक लंबे पोस्ट में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने खड़गे को अपना प्रिय मित्र कहकर संबोधित किया है। गौरतलब है कि एचडी देवेगौड़ा 1 जून 1996 से 21 अप्रैल 1997 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। उनका कार्यकाल लगभग 10–11 महीने का था। वे भारत के 11वें प्रधानमंत्री थे और उनकी सरकार यूनाइटेड फ्रंट गठबंधन की थी, जिसे कांग्रेस का बाहर से समर्थन मिला था। एचडी देवेगौड़ा ने एक्स पर लिखा, मेरे प्रिय मित्र खड़गे जी ने आज संसद में कांग्रेस के प्रति मेरे प्रेम और भाजपा के साथ मेरे विवाह पर एक मज़ाकिया टिप्पणी की। जब उन्होंने यह बात कही तब मैं सदन में उपस्थित नहीं था। यहां मेरा जवाब है। जो हल्का–फुल्का भी है और तथ्यों पर आधारित भी। आखिर मुझे कांग्रेस से तलाक लेने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा।


नफीस जाफरी

जहां तक विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का सवाल है तो राज्यसभा में विदाई भाषण के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भावुक हुए। उन्होंने कहा कि विदाई का जिक्र आते ही मन भारी हो जाता है और समझ नहीं आता कि बात कहां से शुरू करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में काम करने वाला व्यक्ति कभी रिटायर नहीं होता, न ही टायर्ड होता है। खड़गे ने बताया कि 54 साल के संसदीय अनुभव के बावजूद उन्हें आज भी सीखने की जरूरत महसूस होती है। उन्होंने कहा, श्हर आदमी संपूर्ण ज्ञानी नहीं होता. संसदीय जीवन में खट्टे–मीठे दोनों तरह के अनुभव होते हैं। जो साथी जा रहे हैं, उनमें से कई फिर लौटकर आएंगे और सदन को बेहतर बनाने में योगदान देंगे। खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवगौड़ा का जिक्र करते हुए हल्के–फुल्के अंदाज़ में कहा, मैं 54 साल से देवगौड़ा जी को जानता हूं। पहले वे हमारे साथ थे, फिर पता नहीं क्या हुआ कि हमसे दूर हो गए। मोहब्बत हमारे साथ की और शादी मोदी जी से कर ली। उनके इस भाषण पर सदन में हल्की मुस्कान देखने को मिली। जबकि वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस दौरान हंसते नजर आए। खड़गे ने कहा कि रामदास अट्ठावले अपनी खास शैली के लिए जाने जाते हैं और उनकी कविताएं अक्सर प्रधानमंत्री मोदी पर ही केंद्रित होती हैं। उन्होंने अपने सहयोगी शक्ति सिंह गोहिल और नीरज डांगी की भी भावुक होकर प्रशंसा की। खड़गे ने कहा, ज्वलंत मुद्दों पर उन्होंने पूरी तैयारी के साथ अपनी बात रखी। उनके जाने से सदन में एक खालीपन महसूस होगा। उन्होंने फूलोदेवी नेताम पर भी भरोसा जताते हुए कहा कि वह कमजोर तबके की आवाज को आगे भी मजबूती से उठाती रहेंगी। खड़गे ने सदन की कार्यप्रणाली पर जोर देते हुए कहा, सदन को ऐसा सभापति मिले जो अच्छा व्यवहार और संयम बनाए रखे। हम जितना मिलकर काम करेंगे, उतना बेहतर होगा। दूरी बढ़ेगी तो गलतफहमी भी बढ़ेगी, और यह संसदीय प्रणाली के लिए अच्छा नहीं है। बता दें कि राज्यसभा के 37 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। इस दौरान खड़गे ने उम्मीद जताई कि जाने वाले सदस्य भविष्य में भी संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

## प्रस्ताव पारित होने की संभावना नहीं

अविश्वास प्रस्ताव ओम बिरला के खिलाफ के जारी एवं गहराती गई शिकायतों को ऑन– रिकॉर्ड लाने की विपक्ष की कोशिश का हिस्सा है। वरना, विपक्ष भी अवगत रहा है कि इस प्रस्ताव के पारित होने की संभावना नहीं है। संसदीय लोकतंत्र में पीठासीन अधिकारी पर सदन का कोई पक्ष अविश्वास जताए, तो उस पर खेद ही प्रकट किया जा सकता है। लेकिन भारत अभी ऐसे ही अफसोसनाक दौर में है। हाल के वर्षों में विपक्षी दलों में यह शिकायत गहराती चली गई है कि संसद के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों के लिए सत्ताधारी दल की प्राथमिकताएं संसदीय मर्यादा से अधिक अहम हो गई हैं। दोनों सदनों में इल्जाम लगाए जा चुके हैं कि पीठासीन अधिकारी सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के ष्एजेंटष के रूप में काम कर रहे हैं। लोकसभा में तो एक मौके पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने खुलेआम कहा था कि प्रधानमंत्री और विपक्षी नेताओं से मुलाकात के दौरान स्पीकर ओम बिरला का व्यवहार और हाव–भाव अलग–अलग होता है। तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य ने इल्जाम लगाया था कि बिरला सत्ता पक्ष के सदस्यों को नेहरू युग की घटनाओं का उल्लेख करने की इजाजत देते हैं, लेकिन विपक्ष के सदस्य अगर नोटबंदी जैसी अपेक्षाकृत हालिया घटनाओं का जिक्र करें, तो उसे कार्यवाही से निकाल देते हैं। ऐसे आरोपों की शृंखला बहुत लंबी हो चुकी है। बिरला के खिलाफ के विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को इसी संदर्भ में देखा जाएगा। इसे जारी एवं गहराती गई शिकायतों को ऑन– रिकॉर्ड लाने की विपक्ष की कोशिश का हिस्सा माना जाएगा। वरना, विपक्षी दल भी वाकिफ रहे हैं कि सदन का गणित उनके पक्ष में नहीं है और इस प्रस्ताव के पारित होने की संभावना नहीं है। प्रस्ताव पर बहस से पहले प्रधानमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री ने बिरला का जोरदार बचाव कर स्पष्ट कर दिया कि सत्ता पक्ष मजबूती से उनके हक में खड़ा है। अतरू सत्ता पक्ष में इस पर किसी पुनर्विचार की संभावना तक नहीं है कि आखिर विपक्ष इस हद तक क्यों गया और क्या उसकी शिकायतों को दूर करने के लिए कुछ किया जाना चाहिए? नतीजतन, स्पीकर के खिलाफ विपक्ष की आपत्तियां संभवतरू यथावत बनी रहेंगी, जिनका साया सदन की आगे की कार्यवाहियों पर पड़ता रहेगा। उस स्थिति में संवाद एवं अधिकतम सहमति निर्माण के मंच के बतौर सदन के आगे भी अपेक्षित भूमिका निभाने की उम्मीद कम ही है।

# "राजनीति ऐसी फील्ड है जहां कभी फुल स्टॉप नहीं होता"


गुलफिशा खान

राज्यसभा में बुधवार को बीस राज्यों के 59 सांसदों को विदाई दी गई। इनमें नौ महिला सदस्य शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में इनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि चाहे सदस्य वापस लौटें या व्यापक सामाजिक सेवा में लग जाएं, उनका संचित अनुभव राष्ट्र के लिए अमूल्य संपत्ति बना रहेगा। उन्होंने कहा कि राजनीति के गतिशील क्षेत्र में यात्रा कभी समाप्त नहीं होती, क्योंकि भविष्य में अनुभवी नेताओं के लिए हमेशा नए अवसर विद्यमान रहते है। मोदी ने बल देकर कहा, "राजनीति में कोई विराम नहीं होता; आपका अनुभव और योगदान राष्ट्र के जीवन का सदा हिस्सा रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ खट्टे–मीठे अनुभव भी रहे हैं लेकिन जब भी कोई ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो यह स्वाभाविक है कि सदस्य अपनी पार्टी से ऊपर उठते हैं और उनमें एक सामान्य भावना जागृत होती है। मोदी ने कहा कि यह सदन अपने आप में एक खुला विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय जीवन के अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं से समृद्ध होने का अवसर देता है। सेवानिवृत्त हो रहे उपसभापति हरिवंश का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें पिछले काफी समय से इस सदन में अपना दायित्व निभाने का अवसर मिला है। हरिवंश ने हमेशा सदन की कार्यवाही चलाते समय सभी का विश्वास जीतने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान वरिष्ठ सदस्यों – एच डी देवेगौडा, मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार का नाम लेकर उनके अमूल्य योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन सभी नेताओं ने अपना आधे से ज्यादा जीवन संसदीय कामकाज में बिता दिया। उन्होंने कहा कि संसद के नये सदस्यों को इनसे निष्ठा के साथ कैसे सदन में





आने का तरीका सीखना चाहिए और जहां तक संभव हो सदन में अपना योगदान देना चाहिए तथा समाज द्वारा दी गई जिम्मेदारियों के प्रति वचनबद्ध रहना चाहिए। इससे पहले, सदन के सभापति सी पी राधा.ष्णन ने कहा कि हर दो साल में सदन के एक–तिहाई सदस्यों की सेवानिवृत्ति इसकी संवैधानिक संरचना को दर्शाती है जो अनुभवी सांसदों को संस्थागत स्थिरता संरक्षित करते हुए नये सदस्यों के लिए रास्ता खोलने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था सदन के कामकाज में निरंतरता सुनिश्चित करती है। साथ ही नये विचारों के साथ संसदीय बहस को समृद्ध करने के लिए नई आवाजों के लिए जगह बनाती है। सभापति ने कहा कि सदस्यों की सेवानिवृत्ति को अंत नहीं बल्कि नई जिम्मेदारियों और सार्वजनिक भूमिका की शुरूआत के रूप में देखा जाना चाहिए। राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को विदाई देते हुए सदन में विपक्ष के नेता और कांग्रेस वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राजनीति और सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोग न ही थकते हैं और न ही सेवानिवृत्त होते हैं क्योंकि उनमें देशसेवा का जूनून होता है। खरगे ने कहा कि वे सदन की हर कार्यवाही में भाग लेने की कोशिश करते हैं ताकि अन्य सदस्यों के ज्ञान का लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में वरिष्ठ सांसदों के लिए विदाई भाषण देते हुए कहा कि पुरानी पीढ़ी के नेताओं का अनुभव लोकतांत्रिक व्यवस्था की अमूल्य पूंजी है और नए सांसदों को उनसे सीखने का हर अवसर इस्तेमाल करना चाहिए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति ऐसा फील्ड है जहां कभी फुल स्टॉप नहीं होता। राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सदन में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होती है और प्रत्येक सदस्य की इसमें एक अनूठी भूमिका होती है। ऐसे क्षणों में, दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर आपसी सम्मान की भावना उत्पन्न होती है। अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद सदन छोड़ रहे नेताओं से मैं कहना चाहता हूं कि राजनीति में कोई अंत नहीं होता। पीएम मोदी ने हास्य–व्यंग्य के अंदाज़ में कहा, आठवले जी जा रहे हैं, लेकिन यहां किसी को उनकी कमी महसूस नहीं होगी। वो व्यंग्य परोसते रहेंगे, यह सबको भरोसा है। सदन में हल्की मुस्कान के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि दो साल के अंतराल में राज्यसभा से एक बड़ा समूह रिटायर होता है और हर बार नए और पुराने सदस्यों के बीच अनुभव का आदान–प्रदान लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि जो वरिष्ठ सदस्य अभी सदन में बने रहेंगे, वे नए आने वाले सांसदों को अपने अनुभव का लाभ देंगे। उन्होंने कहा, यह प्रक्रिया हमेशा चलती रहती है। मुझे पूरा विश्वास है कि नए सांसदों को वरिष्ठों की सीख और मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

# राज्यसभा चुनाव में लाठी पीटती रह गई कांग्रेस


फरीद वारसी

जैसा कि सर्वविदित है कि बीते दिनों संसद के उच्च सदन राज्यसभा के 37 सीटों के लिए 10 राज्यों में चुनाव हुए जिसमें 26 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए, जिसमें असम,महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़,तमिलनाडु,पश्चिम बंगाल,तेलंगाना और हिमाचल में मतदान नहीं हुआ। यहां से कुछ बड़े नाम जीते जैसे शरद पवार, रामदास अठावले, अभिषेक मनु सिंघवी, विनोद तावड़े, बाबुल सुप्रियो आदि। मगर बिहार,ओडिशा और हरियाणा में अधिक उम्मीदवारों की वजह से वोटिंग हुई। बिहार में कांग्रेस के तीन और आरजेडी का एक विधायक वोटिंग के लिए आए ही नहीं। जिसकी वजह से आरजेडी का उम्मीदवार हार गया और एनडीए ने पांचों सीट जीत ली। इसी तरह ओडिशा में भी क्रॉस वोटिंग हुई और भाजपा समर्थित दिलीप रे चुनाव जीते। यहां के कांग्रेस विधायकों को बेंगलुरु के रिसोर्ट में ले जाया गया था मगर फिर भी क्रॉस वोट हुआ। हरियाणा में भी कुछ तकनीकी गड़बड़ी हुई मगर कांग्रेस अपना उम्मीदवार जितवाने में सफल रही। यहां भाजपा का एक और कांग्रेस का एक उम्मीदवार जीता. कुल मिलाकर एनडीए ने 11 में से 9 सीटों पर जीत दर्ज की जहां वोटिंग हुई है। राज्यसभा के 245 सीटों में बहुमत का आंकड़ा 123 है, जिसमें एनडीए के पास 133 सांसद है जिसमें भाजपा के पास 103 सांसद हैं और सहयोगी दलों के पास 23 सांसद। वहीं कांग्रेस के पास 27, तृणमूल कांग्रेस–12, डीएमके के पास 10 सांसद और अन्य सहयोगी दलों को मिलाकर आंकड़ा 76 तक पहुंचता है। अन्य दल जो इन दोनों गठबंधन का हिस्सा नहीं है जैसे आम आदमी पार्टी, बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस, बीएसपी की संख्या 30 है। जबकि मनोनीत 7 हैं जिनमें से रंजन गोगोई रिटायर्ड हो चुके हैं। और दो जगह खाली है। इस बार जो चुनाव हुए हैं उसमें से जो निर्विरोध चुने गए हैं उसमें से 19 सीटें एनडीए के खाते में और 12 सीटें इंडिया गठबंधन के हिस्से गई है, जबकि जिन 6 सीटों पर चुनाव हुए उसमें से 4 एनडीए 1 इंडिया गठबंधन और 1 बीजेडी के हिस्से में गई। कुल मिलाकर राज्यसभा में एनडीए और मजबूत होगी। इस साल राज्यसभा के लिए दो बार और चुनाव होंगे एक जून 22 सीटों के लिए चुनाव होंगे जिसमें गुजरात, एमपी,कनार्टक जैसे राज्य हैं और फिर नवंबर में भी राज्यसभा के चुनाव होंगे जिसमें उत्तर प्रदेश की भी सीटें हैं। कनार्टक छोड़कर बाकी राज्यों में भाजपा की सरकार है जिससे भाजपा की संख्या में और भी इजाफा होगा। राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में इस बार भाजपा ने बिहार, ओडिशा में कांग्रेस के विधायकों के दम पर जीत दर्ज की। कुल 37 सीटों के लिए हुए चुनाव में एनडीए ने 22 सीटों पर जीत दर्ज की है। जिसमें भाजपा ने अकेले 12 सीटों पर फतह हासिल की है। दो राज्य बिहार और ओडिशा में तो मुस्लिम विधायकों ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से भाजपा या उसके समर्थित कैंडिडेट को समर्थन किया है। ओडिशा के बाराबती सीट से विधायक सोफिया फिरदौस ने भाजपा समर्थित निर्दलीय कैंडिडेड दिलीप रे को वोट दिया था। तो दूसरी तरफ हरियाणा में कांग्रेस को दो मुस्लिम विधायक मोहम्मद इलियास और मोहम्मद इजरायल ने भी क्रॉस वोटिंग की। बिहार में आरजेडी के विधायक फैजल रहमान ढाका विधानसभा सीट से विधायक हैं। उन्होंने कहा कि मां की बीमारी के कारण वो वोट डालने नहीं आ सके। उनके नहीं आने के बाद भाजपा कैंडिडेट शिवेश राम दूसरी वरीयता के वोट के आधार पर आसानी से चुनाव जीत गए। यानी भाजपा ने इस बार मुस्लिम विधायकों को भी साध लिया। भाजपा ने इस बार के राज्यसभा चुनाव में जिस तरीके से विपक्षी खेमा




खासतौर पर कांग्रेस को तोड़ा है, वो देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए चिंता का सबब है। अब कांग्रेस सांप के निकल जाने के बाद लाठी पीटने वाली मुद्रा में है। भाजपा ने बिहार में जिस तरह से आरजेडी के मुस्लिम विधायक को मतदान से दूर रखने में सफलता पाई है, वो जरूर विशेषज्ञों को भी चौंका रही है। दरअसल,आरजेडी के विधायक आम तौर पर इस तरह से पाला बदलने के लिए नहीं जाने जाते हैं। या कम से कम ऐसा नहीं करते देखे जाते हैं जिससे सत्ता पक्ष को फायदा मिले। भाजपा ने बिहार वाला दांव भी ओडिशा और हरियाणा में भी चला। हरियाणा में भले ही पार्टी निर्दलीय कैंडिडेट सतीश नांदल को चुनाव में जीत नहीं दिलवा पाई लेकिन कांग्रेस 9 विधायकों को तोड़ने में सफल रही। हरियाणा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के 9 विधायक पार्टी लाइन से अलग जाकर मतदान किया। चार विधायकों के वोट रद्द हो गए जबकि 5 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। हालांकि, इन झटकों के बाद भी कांग्रेस अपने कैंडिडेट कर्मवीर बौद्ध को चुनाव जितवाने में सफल रही। पर उसके 9 विधायकों ने पार्टी को बड़ा झटका दे दिया। राज्यसभा चुनाव में हरियाणा में भी कांग्रेस को पार्टी विधायकों के पाला बदलने का सामना करना पड़ा है। पार्टी के 5 विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में पाला बदल लिया। फिलहाल कांग्रेस ने पाला बदलने वाले चार विधायकों के नाम बता दिए हैं। 5वें विधायक के नाम का पार्टी ने खुलासा नहीं किया है. पार्टी नेता बीके हरिप्रसाद ने बताया कि नारायणगढ़ से शैली चौधरी, पुनहना से मोहम्मद इलियास, हथीन से मोहम्मद इजरायल और सदौरा से रेणु बाला ने क्रॉस वोटिंग किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने अनुशासनात्मक समिति का गठन किया है। इन सभी विधायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। अपने विधायकों के पाला बदलने से बौखलाए कांग्रेस ने अब कार्रवाई शुरू कर दी है। पार्टी ने ओडिशा में फिरदौस समेत पार्टी के दो अन्य विधायक रमेश जेना और दशरथ गमांगो को निलंबित करने का फैसला किया है। कांग्रेस ने पार्टी व्हिप के उल्लंघन और क्रॉस वोटिंग के कारण उन्हें निलंबित किया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि विधायकों का .त्य अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। ओडिशा कांग्रेस कमिटी ने कहा है कि पार्टी में अनुशासन को बनाए रखने के लिए सख्त फैसेल किए जाएंगे और अनुशासनहीनता रोकने के लिए साफ संदेश दिया जाएगा। कुल मिलाकर भाजपा ने इस बार के राज्यसभा चुनाव में विपक्षी दलों से बेहतर रणनीति अपनाते हुए उन्हें अंतिम समय पर चौंका दिया। बिहार के नतीजों से आरजेडी को बड़ा झटका लगा है। 25 विधायकों वाली पार्टी के लिए ये सोचने का वक्त है। यहां भाजपा ने अपनी रणनीति के जरिए विपक्ष को मात दी। ओडिशा में भी नवीन पटनायक की बीजेडी में फूट पड़ गया। हरियाणा में कांग्रेस के 9 एमएलए ने ही पाला बदल लिया।

# पाक का काबूल पर कायराना हमला इंसानियत के लिये खतरा

सौरभ वार्ष्णेय

कहते है कि पवित्र रमजान का महीना आत्मसंयम, करुणा और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। ऐसे समय में काबुल पर हुआ कथित कायराना हमला न सिर्फ मानवीय मूल्यों का अपमान है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है। जब दुनिया शांति और सह–अस्तित्व की बात कर रही हो, तब इस तरह की हिंसक घटनाएं सभ्यता के मूल सिद्धांतों को चुनौती देती हैं। रमजान का सार ही यह है कि इंसान अपने भीतर झांककर बुराइयों से दूर रहे और समाज में प्रेम, भाईचारे और सहयोग को बढ़ावा दे। लेकिन काबुल में हुआ हमला इस पवित्र भावना के ठीक विपरीत है। निर्दोष लोगों की जान लेना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह न केवल एक देश की संप्रभुता पर हमला है, बल्कि पूरी मानवता के खिलाफ अपराध है। यदि इस हमले में किसी भी देश या तत्व की संलिप्तता साबित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बिना किसी भेदभाव के सख्त कदम उठाने चाहिए। आतंक और हिंसा के प्रति चयनात्मकच्य रवैया ही ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देता है। जरूरत इस बात की है कि वैश्विक मंचों पर एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निष्पक्ष नीति अपनाई जाए। दक्षिण एशिया पहले से ही अस्थिरता और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय शांति को और कमजोर करती हैं। यह समझना होगा कि युद्ध और हिंसा का रास्ता किसी समस्या का समाधान नहीं है। बातचीत, कूटनीति और आपसी विश्वास ही स्थायी शांति का आधार बन सकते हैं।आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम रमजान जैसे पवित्र अवसर पर भी इंसानियत का सम्मान नहीं कर सकते? काबुल की यह घटना हमें चेतावनी देती है कि अगर समय रहते हिंसा के इस चक्र को नहीं रोका गया, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। यह समय है जब दुनिया को एकजुट होकर यह संदेश देना चाहिए कि इंसानियत सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार की हिंसा, चाहे वह किसी भी नाम पर हो, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। रमजान के इस पावन महीने में शांति, सहिष्णुता और मानवता के मूल्यों को पुनरू स्थापित करना ही सच्ची श्रद्धा होगी। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब तीन देश आमने सामने खुलेआम मिसाइलों से हमले कर रहे हैं । इस युद्ध की वजह से पूर्ण विश्व महंगाई सहित अन्य चीजों से कराहा उठा है। कच्चे तेल ने खेल ही कर दिया। बात कर रहे हैं पाकिस्तान की जो कि अन्य देशों की तुलना में भुखमरी के कगार पर है ऐसे में वह काबुल पर असमय बमबारी कर रहा है मासूमों की जान ले रहा है। पूरा विश्व खामोशी के साथ यह सब देख रहा है। ज्ञात रहे कि पाकिस्तान को अपने आस्तीन में पालने वाले देश भी भलीभांति जान ले कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है सबसे पहले वही उस गड्ढे में गिरता है। ऐसा ही हाल उन देशों का हो रहा है जो अपने महान देश बनाने के चक्कर में शांति के लिये भी खतरा बनते जा रहे हैं। ऐसे पाकिस्तान देश कितने दिनों के हैं। जब दूसरे पर बम फोड रहे हैं तो दूसरा देश बदला तो लेगा ही। कहने का आशय है कि जो देश गरीबी में जी हरा है। वह अपने को विकास करने की जगह अपने को आग की भट्टी में झोंक रहा है। भारत ने भी कड़े शब्दों में निंदा कर कहा है कि पाकिस्तान अब इस नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान द्वारा किया गया यह घृणित आक्रमण अफगानिस्तान की संप्रभुता पर एक स्पष्ट हमला है और क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। यह पाकिस्तान के लगातार लापरवाह व्यवहार और अपनी आंतरिक विफलताओं को सीमा पार हिंसा के बढ़ते हिंसक कृत्यों के माध्यम से छिपाने के बार–बार किए जाने वाले प्रयासों को दर्शाता है। यह हमला रमजान के पवित्र महीने के दौरान किया गया, जो दुनिया भर के मुस्लिम समुदायों के लिए शांति, चिंतन और दया का समय होता है, जो इसे और भी निंदनीय बनाता है। ऐसा कोई धर्म, कोई कानून या कोई नैतिकता नहीं है जो किसी अस्पताल और उसके मरीजों को जानबूझकर निशाना बनाने को उचित ठहरा सके। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस आपराधिक कृत्य के दोषियों को जवाबदेह ठहराना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा नागरिकों को निशाना बनाने का यह अंधाधुंध हमला तत्काल बंद हो। पाकिस्तान को स्वयं अपने अंदर झांकना चाहिए। 1947 से भारत से अलगहोकर पता नहीं क्यों अपने अंदर इतनी नफरत पाल ली है कि उसमें से वह निकलना नहीं चाहता ? दो भाई जब अलग होते हैं जो कि एक सामान्य सी प्रक्रिया है। हालांकि अलग होने में दर्द बहुत होता है लेकिन विस्तार के लिए यानी पाकिस्तान का जिसके लिए निर्माण हुआ वह 1947 के बाद से आज तक दिखा नहीं? पाकिस्तान को भारत को कमजोर करने के लिए कुछ विदेशी ताकतें पोश रही है लेकिन भारत पूर्व में भी अपनी शांति का परिचय देता आया है लेकिन जब जब जरूरत पड़ी तब तब अदम्य साहस विकसितता का परिचय देता आया है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।

## नवरात्र के पहले दिन कुट्टू के आटे से फैली फूड प्वाइजनिंग

### - अस्पतालों में मची अफरा-तफरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। नवरात्र के पहले ही दिन कुट्टू के आटे का सेवन कई लोगों के लिए मुसीबत बन गया। गांवों और शहरों में बड़ी संख्या में लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए, जिसके चलते अचानक अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालात इतने बिगड़ गए कि कई अस्पतालों में बेड तक कम पड़ गए और मरीजों को इमरजेंसी में भर्ती करना पड़ा। जानकारी के अनुसार व्रत के दौरान कुट्टू के आटे से बने पकवान खाने के बाद लोगों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत शुरू हो गई। देखते ही देखते दर्जनों लोग बीमार पड़ गए। परिजन आनन–फानन में उन्हें नजदीकी अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने फूड प्वाइजनिंग की पुष्टि की। अस्पतालों में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। कई जगहों पर मरीजों को स्ट्रेचर और बेड तक उपलब्ध नहीं हो पाए, जिससे परिजनों में नाराजगी भी देखने को मिली। डॉक्टरों की टीम लगातार मरीजों का इलाज करने में जुटी रही। स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि कुट्टू का आटा खराब या मिलावटी हो सकता है।

# खेत विवाद में टूटा भाईचारा, दोनों पक्षों में जमकर हिंसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। नांगलसोती क्षेत्र के गांव शहजादपुर में खेत की मेढ़ को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को हिंसक झड़प में बदल गया। दो सगे भाइयों महेंद्र सिंह और पप्पू के परिवार आमने–सामने आ गए, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद उस समय भड़क गया जब खेत की मेढ़ काटने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि लाठी–डंडे चलने लगे और कई लोग घायल हो गए। घायलों में एक व्यक्ति की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है, जिसे उपचार के लिए देहरादून के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, अन्य घायलों को भी हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बीच, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे गांव में चर्चा और बढ़ गई है।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला झुलसी

न्यूज वाणी ब्यूरो



तम्बौर, सीतापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम रायमडोर में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला झुलस गयी। जानकारी के अनुसार तम्बौर थाना क्षेत्र के ग्राम रायमडोर में आकाशीय विजली गिरने से मीरा देवी पत्नी भोगई उम्र 51 वर्ष झुलस गयीं परिजनों ने आनन फानन सी0एच0सी0 तंबौर लेकर पहुंचे जहां पर उनका इलाज चल रहा है। अधीक्षक डॉ0 मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मरीज की हालत स्थिर है। उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना पर तहसील प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार दीनानाथ व क्षेत्रीय लेखपाल ब्रजेन्द्र वर्मा मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्यवाही शुरू की।

# बेमौसम बारिश से किसान बेहाल, कहीं राहत की फुहार तो कहीं आफत की मार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार, 20 मार्च को हुई अचानक बारिश ने खेती–किसानी के समीकरण बदल दिए हैं। अटरिया, सिधौली और रामपुर मथुरा सहित कई विकासखंडों में मौसम के इस बदले मिजाज का फसलों पर मिश्रित प्रभाव देखा जा रहा है। जहां गन्ने और सब्जियों के लिए यह बारिश श्अमृतश बताई जा रही है, वहीं कटाई के लिए तैयार गेहूं और सरसों की फसलों पर श्संकटश के बादल मंडरा रहे हैं।



गन्ने और बेल वाली सब्जियों की खिली बांछें बारिश के बाद चिखड़ी क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर थोड़ी चमक भी दिखी है। प्रगतिशील किसान छन्नेबाबू और अनूप सिंह ने बताया किरू यह बारिश गन्ने की फसल के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। गर्मी की शुरुआत में बोई गई भिंडी, लौकी, तोरई, करेला और खीरा जैसी बेल वाली सब्जियों को इस नमी से नया जीवन मिलेगा और बढ़वार अच्छी होगी। जड़ वाली फसलों पर श्सड़नश का साया दूसरी ओर, जलभराव ने कुछ किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान हारून और भोला के मुताबिक, खेतों में पानी रुकने से जमीन के भीतर तैयार हो रही फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। आलू, मूली और गाजर जैसी फसलों में अधिक नमी के कारण सड़न पैदा होने की आशंका है। टमाटर के पौधों के भी गलने का खतरा बढ़ गया है, जिससे किसानों की लागत डूबने का डर है। गेहूं और सरसों पर कुदरत का कहर सबसे ज्यादा चिंता उन किसानों को है जिनकी फसलें कटने की कगार पर हैं। किसान उदयराज और प्रहलाद ने बताया किरू तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण गेहूं और सरसों की खड़ी फसलें खेतों में बिछ गई हैं। फसल गिरने से दानों के काले पड़ने और उनकी चमक खोने का डर है, जिससे बाजार में उचित मूल्य मिलना मुश्किल होगा। किसान संदेशरू .षि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि जिन खेतों में पानी जमा है। वहां से जलनिकासी का उचित प्रबंध करें ताकि टमाटर और जड़ वाली फसलों को बचाया जा सके।

# जरूरतमंदों के बीच सेवा कर मनाया गया एमएलसी का जन्मदिन

न्यूज वाणी ब्यूरो /सेवराई। तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों की मलिन बस्तियों में सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश करते हुए एमएलसी विशाल सिंह चंचल का जन्मदिन सेवा और सहयोग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंदों के बीच साड़ी,



कपड़े, मिठाई, बिस्किट और चॉकलेट वितरित कर खुशियां बांटी। सामाजिक कार्यकर्ता अमित सिंह बब्बू और उसिया ग्राम पंचायत के प्रधान शम्स तबरेज खान पिंटू के नेतृत्व में उसिया मोतीनगर, देवल, भाष्करपुर, देवकली सहित कई गांवों की मलिन बस्तियों में पहुंचकर करीब 500 से अधिक असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच सामग्री का वितरण किया गया। महिलाओं को साड़ी व कपड़े तथा बच्चों को चॉकलेट, टॉफी और बिस्किट देकर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया गया। इस दौरान अमित सिंह बब्बू ने कहा कि हर वर्ष एमएलसी विशाल सिंह चंचल के जन्मदिन पर इस तरह का सेवा कार्य किया जाता है, जिससे समाज के वंचित वर्ग के लोगों को थोड़ी खुशी दी जा सके। वहीं उसिया ग्राम पंचायत के मोतीनगर में ग्राम प्रधान शम्स तबरेज खान के नेतृत्व में केक काटकर बच्चों के बीच वितरित किया गया और एमएलसी के दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर गुड्डू सिंह, अजय सिंह, दिग्विजय सिंह अप्पू, जितेंद्र गुप्ता, महेंद्र राय, दीपक पासवान समेत कई लोग मौजूद रहे।

# ईद पर समाजसेवी ने पेश की इंसानियत की मिसाल

## – 600 जरूरतमंदों को वितरित की सहायता सामग्री

न्यूज वाणी ब्यूरो /सेवराई। तहसील क्षेत्र के सेवराई गांव निवासी समाजसेवी मोहम्मद इसरार ने ईद के पावन अवसर पर मानवता और सेवा भाव की मिसाल पेश करते हुए करीब 600 से अधिक असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच सेवई, चीनी सहित खाद्य सामग्री और कपड़ों का वितरण किया। इस पुनीत कार्य में सभी समुदायों के लोग एक साथ शामिल हुए, जिससे क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश और मजबूत हुआ। कार्यक्रम के दौरान मोहम्मद इसरार ने कहा कि ईद का पर्व हमें खुशियां बांटने, एक–दूसरे की मदद करने और जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाने की प्रेरणा देता है। सहायता प्राप्त करने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। स्थानीय लोगों ने इस सराहनीय पहल की जमकर प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक–दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# शिकायत पर गैस एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर एक गैस एजेन्सी मे0 पारा ईण्डेन ग्रामीण वितरक पारा सदर द्वारा ग्राहकों से गैस बुकिंग का डी0ए0सी0 कोड प्राप्त कर, बिना उनको गैस की डिलीवरी किये ही आनलाईन डिलीवर कर दिया जा रहा है। उक्त गैस एजेन्सियों का उपरोक्त .त्य द्रवि.त पेट्रोलियम गैस (प्रदाय वितरण विनियमन) आदेश–2000 के विभिन्न प्राविधानों के विपरीत पाया गया, जिसके क्रम में उक्त गैस एजेन्सी को इस कार्यालय के पत्र द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए, स्पष्टीकरण मांगा गया है। आपूर्ति विभाग की टीम से गैस एजेन्सियों पर भीड़ एवं एपलीजी गैस सिलेण्डर वितरण की स्थिति का निरीक्षण कराया गया। टीमों द्वारा निरीक्षण में पाया गया कि जनपद के अधिकांश एजेन्सियों पर भीड़–भाड़ नहीं है एवं स्थिति सामान्य हो रही है। जनपद की कुछ एजेन्सियों मे0 रशीदा गैस एजेन्सी, हरिबल्लमपुर गाजीपुर, रामजी ईण्डेन गैस एजेन्सी, सैदपुर, बंशीधर ईण्डेन गैस जखनियॉं, जंगीपुर ईण्डेन जंगीपुर आदि पर अभी बैकलाग जनपद की अन्य गैस एजेन्सियों की अपेक्षा अधिक है, जहां अतिरिक्त आपूर्ति कराकर, शीघ्र ही बैकलाग की स्थिति सामान्य कराई जायेगी। गैस बुकिंग में आ रही परेशानियों के दृष्टिगत ऑयल कम्पनियों द्वारा आनलाईन बुकिंग विकल्पों के साथ व्हाट्सएप्प बुकिंग का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में ग्राहकों को 45 दिन एवं नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन बाद पुनः घरेलू गैस सिलेण्डर की रीफिल बुक करने की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त ईण्डेन के ग्राहक कपंनी द्वारा जारी किये गये 02 नये मोबाईल नम्बरों 8927225667 एवं 8391990070 पर भी बुकिंग कर सकते हैं। समस्त उपभोक्ता ऊपर दिये गये विकल्पों का प्रयोग करके घर बैठे ही घरेलू गैस सिलेण्डर की बुकिंग एवं अपनी ई–केवाईसी कर सकते हैं। किसी भी उपभोक्ता को गैस एजेन्सी पर जाने की आवश्यकता नहीं है। आपूर्ति विभाग समस्त गैस उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति कराने के लिये प्रतिबद्ध है और ऑयल कंपनियों से समन्वय स्थापित करके इसको शत–प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है तथा शिकायतों का त्वरित




निस्तारण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में घरेलू गैस की कालाबाजारी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। घरेलू गैस के उपभोक्ता किसी भी प्रकार की शिकायत के लिय ऑयल कपंनियों के टोल फ्री नं0 1800–2333–555 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसी के साथ जनपद स्तरीय आपदा कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नं0 0548–2224041 पर प्राप्त सभी शिकायतों व सुझावों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा रहा है।

## जनपद में घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति से सम्बन्धित सूचनाओं का विवरण

1– 20.03.2026 को उपलब्ध घरेलू गैस सिलेण्डर का स्टाक – 27509
2– 19.03.2026 को बिक्री किये गये घरेलू गैस सिलेण्डर की सं0 – 9606
3– 19.03.2026 को बुक किये गये घरेलू गैस सिलेण्डर की सं0 – 10581
4– 19.03.2025 को बिक्री किये गये घरेलू गैस सिलेण्डर की सं0 – 11955
5– 19.03.2025 को बुक किये गये घरेलू गैस सिलेण्डर की सं0 – 11877

# हिंद अस्पताल की जहरीली तानाशाही से मर रहे बेजुबान सहित अन्नदाता की फसल

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सिधौली। जहाँ एक ओर कुदरत की बेमौसम मार किसानों की कमर तोड़ रही है, वहीं दूसरी ओर अटरिया स्थित हिंद हॉस्पिटल के रसूख ने विकास के नाम पर विनाश का नया अध्याय लिख दिया है। नेशनल हाईवे पर स्थित यह अस्पताल प्रशासन के इकबाल को ठेंगा दिखाते हुए हजारों किसानों की आजीविका और वन्यजीवों के अस्तित्व के साथ खूनी खेल खेल रहा है। टिकौली माइनर में बह रहा धीमा जहर अस्पताल प्रबंधन की दबंगई का आलम यह है कि मऊ ग्राम के पास स्थित टिकौली माइनर का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। आरोप है कि अस्पताल ने अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल का विस्तार कर सरकारी नहर पर कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं, अस्पताल के भीतर का खतरनाक केमिकल युक्त प्रदूषित पानी सीधे इस नहर में बहाया जा रहा है। नहर का पानी अब सिंचाई के लायक नहीं रहाय यह खेतों में खड़ी फसलों को जला रहा है। इस जहरीले पानी को पीकर बेजुबान वन्यजीव तड़प–तड़प कर दम तोड़ रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र के गुलरिया, कबरन, हीरपुर, रघुनाथपुर और मंदनापुर जैसे गाँवों के किसान आज खून के आँसू रो रहे हैं। हजारों बीघा उपजाऊ भूमि धीरे–धीरे ऊसर में तब्दील हो रही है। ग्रामीणों को संदेह है कि इसके पीछे एक बड़ी आर्थिक साजिश है पहले खेती को असंभव बनाओ। किसान को कर्ज के दलदल में धकेलो। अंततः रसूखदारों द्वारा कौड़ियों के दाम जमीन हड़प लो। प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी पर उठे सवाल क्षेत्र में चर्चा गरम है कि प्रशासन का बुलडोजर सिर्फ गरीबों की झोपड़ियों का पता जानता है। हाल ही में अटरिया–बनाऊंगा मार्ग पर छोटे अतिक्रमणों को तो ढहा दिया गया, लेकिन हिंद हॉस्पिटल के अवैध निर्माण पर अधिकारी आँखें मूंदे बैठे हैं। क्या सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन की फाइलें अस्पताल के रसूख के नीचे दब चुकी हैं? अगर हमारी जमीन बंजर हुई, तो हम प्रशासन की नींद भी बंजर कर देंगे। किसानों के सब्र का बांध अब टूट चुका है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को सीधी चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नहर को प्रदूषण मुक्त नहीं किया गया, तो वे बड़े



पैमाने पर श्चक्का जामश और आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब गेंद जिला प्रशासन के पाले में है। क्या वह किसानों के हितों की रक्षा करेगा या रसूखदारों के आगे नतमस्तक होकर हजारों परिवारों का भविष्य अंधकार में झोंक देगा?

# भक्तिमय वातावरण में श्रीराम कथा का समापन

## - यज्ञ व भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में



रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आज भव्य पूर्णाहुति यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ श्रद्धापूर्वक समापन हो गया। पिछले नौ दिनों से प्रवाहित हो रही राम नाम की अमृत गंगा में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और अंतिम दिन भारी संख्या में पहुंचकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ यज्ञ कथा के विश्राम दिवस पर विद्वान आचार्य मोहित तिवारी, मिंटू पाण्डेय एवं भोले तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति यज्ञ संपन्न कराया गया। कथा संयोजक .ष्ण कुमार तिवारी एवं मुख्य यजमान सरोज भदौरिया ने सपरिवार आहुतियां दीं। यज्ञ के माध्यम से विश्व शांति एवं जनकल्याण की कामना की गई। पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश समापन सत्र को संबोधित करते हुए कथा संयोजक .ष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि, श्रीराम का जीवन केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीने की कला है। उनके आदर्शों को जीवन में उतारना ही श्रीराम कथा सुनने की सार्थकता है। उन्होंने प्रेम, त्याग और मर्यादा के महत्व पर प्रकाश डाला। विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति एवं स्थानीय युवाओं ने सेवाभाव से व्यवस्थाएं संभालीं। कार्यक्रम के अंत में कथा संयोजक .ष्ण कुमार तिवारी ने सभी स्वयंसेवकों, पुलिस प्रशासन एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज कुमार मौर्य सहित धनंजय मिश्रा, मनोज साहू, आकाश सिंह भदौरिया, जय किशन, अनिल महाजन, संदीप श्रीवास्तव, प्रेमदत्त उमराव, श्रवण दीक्षित, संजय सिंह, सनी, गंगासागर, सोनू शुक्ला, गंगाशरण करवरिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 25 हजारी इनामी बदमाश इंदल गिरी पुलिस की गोली से पस्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिसवां, सीतापुर। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत बिसवां पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार को एक दुस्साहसिक मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने 25,000 के इनामी वांछित अपराधी इंदल गिरी को गिरतार कर लिया। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घेराबंदी देख बदमाश ने झोंका फायर जानकारी के अनुसार, 20 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि शातिर अपराधी इंदल गिरी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के नेतृत्व में थाना बिसवां पुलिस और एसओजी टीम ने मोचकला के पास जाल बिछाया। जब मोटरसाइकिल सवार इंदल को रोकने का प्रयास किया गया, तो उसने खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने की कोशिश की। आत्मरक्षा में पुलिस ने की जवाबी कार्रवाई पुलिस टीम ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली इंदल गिरी के दाहिने पैर में लगी और वह मोटरसाइकिल सहित गिर पड़ा। पुलिस ने मौके से अभियुक्त को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा, 2 जिंदा कारतूस और 2 खोखा कारतूस। वाहनरू एक प्लेटिना मोटरसाइकिल। एक



जोड़ी सफेद धातु की पायल। कौन है इंदल गिरी? गिरतार अभियुक्त इंदल गिरी, रामकिशुन गिरी का पुत्र है और रामपुर कलां थाना क्षेत्र के खालसापुरवा का निवासी है। वह बिसवां थाने में दर्ज मु0अ0सं0 65ध26 (धारा 309(4)/317(2) बीएनएनस के तहत वांछित था और पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। पुलिस प्रशासन ने बताया कि इस मामले से जुड़े तीन अन्य आरोपियों को पहले ही सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। इंदल गिरी की गिरतारी के साथ ही अब कुल चार अभियुक्तों को वैधानिक कार्यवाही पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस सफल ऑपरेशन में प्रभारी निरीक्षक बिसवां राम राघव और एसओजी प्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह की टीम का विशेष योगदान रहा।

# प्रधानपति समेत दो पर छेड़छाड़ का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। कालोनी दिलाने के नाम पर प्रधानपति समेत दो लोगों पर एक महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी थरियांव को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम बिलारीमऊ की रहने वाली एक महिला ने सीओ थरियांव को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह शादी के बाद से अपने मायके में रह रही है। छह माह पूर्व ग्राम प्रधानपति मेवालाल उसके घर आया और कालोनी दिलाने के नाम पर आधार कार्ड व मोबाइल नंबर ले लिया। आए दिन मोबाइल पर फोन करने लगा और प्रेमजाल में फंसा लिया। 18 मार्च को वह शौचक्रिया के लिए जंगल जा रही थी तभी पहले से मौजूद प्रधानपति समेत दो लोगों ने उसे पकड़ लिया और घसीटकर अरहर के खेत में ले गए जहां उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर तीनों लोग धमकी देते हुए भाग गए। वह परिवारीजनों संग असोथर थाना पहुंची। जहां पुलिस ने प्रधानति को बुला लिया और सुलह का दबाव बनाने लगे। सुलह से इंकार करने पर उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पीड़िता ने सीओ थरियांव से मामले की जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है।

# मुंडन संस्कार की खुशियां मातम में बदलीं, खाई में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 20 घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नैमिषारण्य, सीतापुर। जिले के नैमिषारण्य थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसा हो गया। मुंडन संस्कार कराकर लौट रहे ग्रामीणों से भरी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों समेत 20 से अधिक लोग घायल हो गए जिनमें से 4 की हालत नाजुक बनी हुई है।



जानकारी के मुताबिक रामपुरकला थाना क्षेत्र के करीब 40 ग्रामीण ट्रैक्टर–ट्रॉली पर सवार होकर पावन नगरी नैमिषारण्य में मुंडन संस्कार कराने आए थे। पूजा–अर्चना के बाद जब सभी ग्रामीण खुशी–खुशी अपने घर लौट रहे थे, तभी करखिला गांव के पास सामने से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक ने नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते ट्रॉली असंतुलित होकर गहरी खाई में पलट गई। चीख–पुकार के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक नवनीत मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को ट्रॉली के नीचे से निकालकर एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया। 8 घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिषारण्य में भर्ती कराया गया। 12 घायलों को सीएचसी संदना ले जाया गया। घायलों की स्थिति और प्रशासन की कार्रवाई चिकित्सकों ने बताया कि घायलों में सलोना, तारा सिंह, राजकुमार वर्मा, गयाराज, पट्टन सिंह, रोली और जानकी प्रमुख रूप से शामिल हैं। थाना प्रभारी ने अपडेट देते हुए बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद 15 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि 4 गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मनरेगा बचाओ यात्रा का पांचवा दिन

## - भाजपा मनरेगा मजदूरो की गारंटी छीन रही : रोशनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। मनरेगा बचाओ यात्रा आज भोइला कला, सराय, न्योराजपुर आदि गांवो मे पंहुच कर मनरेगा और पंचायतीराज अधिकार के बारे मे जनता से संवाद किया।



इस अवसर पर भोइला कला मे आयोजित मनरेगा मजदूरो की सभा को सम्बोधित करते हुए पंचायतीराज के नागरिक अधिकारो पर बात रखते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, डां आरपी वर्मा ने कहा कि पंचायतीराज मे ही गांव का भविष्य है। पंचायतीराज ने गांव के वोटरो को ही गांव के विकास की चाबी दी है लेकिन ब्लाक के अफसरो और दलालो ने गांव के लोगो से यह अधिकार की चाबी छीन ली है। यह यात्रा फिर से यह पंचायतीराज कानून की चाबी गांव के लोगो को सौपने का कार्य करेगी। इस अवसर पर मनरेगा मजदूर नेता रोशनी गुप्त ने कहा मनरेगा मजदूरो की बेहतरी की आधारशिला है जिसे भाजपा खत्म करना चाहती है। यह यात्रा मनरेगा को बहाल कर मजदूरो को उनका हक दिलाना चाहती है। उन्होने कहा कि ग्रामीण रोजगार की कुंजी है मनरेगा जिसे मोदी सरकार छीनकर गरीबो को पूंजीपतियों का गुलाम बनाने की साजिश रच रही है। विधानसभा क्षेत्र में संविधान के राज की जगह लूट का राज चल रहा है इसलिए संविधान बचाने की लड़ाई तेज करनी होगी।

# हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव में बच्चों व शिक्षकों का सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो /जयसिंहपुर। बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने और बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम एवं ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधि



ाकारी सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक राज बाबू उपाध्याय ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विधायक, तहसीलदार मयंक मिश्रा, ग्राम प्रधानों व मीडिया बंधुओं का स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक राज बाबू उपाध्याय ने कहा कि तीन से छह वर्ष के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने के लिए शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से ही सरकार के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक के निपुण बने 50 बच्चों को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही उत्.ष्ट कार्य करने वाले 10 अध्यापकों, ग्राम प्रधानों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी सम्मानित किया गया। विधायक ने परिसर में लगे टीएलएम मेले का अवलोकन कर शिक्षकों और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। इसके अलावा 36वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। बास्केटबॉल में कंपोजिट करसा के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक, शतरंज में सराय कांदीपुर ने रजत पदक तथा जिम्नास्टिक में वैदहा के बच्चों ने कांस्य पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामजीत पाल, जिलाप्रतिनिधि हरिशंकर वर्मा, महामंत्री रत्नेश तिवारी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष रमेश अग्रहरी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

## रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

न्यूज वाणी ब्यूरो



रायबरेली। नगर पंचायत डलमऊ में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की एक प्रमुख महिला योद्धा रानी अवंतीबाई लोधी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके विचार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष डलमऊ बीएल लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल, भाई शनी सिंह, राकेश लोधी, विमलेश लोधी प्रधान, मन्ना दादा, दादा दिनेश त्रिपाठी, भैया दीपू जायसवाल, काका अमरेश पांडेय, हरिश्चंद्र तिवारी, नामित सभासद शिव प्रसाद साहू, रामबाबू गुप्ता, रवि पाल, आशीष श्रीवास्तव, अंकित पांडेय सहित अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## दबंग माफियाओं पर जमीन कब्जाने का आरोप, एसपी से गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मर्दन्नाका मोहल्ले में रहने वाले मुन्ना यादव पर भू माफियाओं का कहर बरपाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मुन्ना यादव ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में पीडित ने बताया कि गंछा रोड स्थित मौजा




लडाका पुरवा में पैतृक जमीन है हम तीन भाई हैं मेरे हिस्से में दो बीघा जमीन है। जिस पर किसानी करके अपना व परिवार का भरण पोषण करतें है मेरे हिस्से की जमीन पर भू माफिया सपा नेता मुन्ना, अलीम, गुफरान अप्पू, निवासी मर्दननाका ने जबरन कब्जा कर लिया है। दबंग मुन्ना व अलीम लगातार जमीन नाम करने के लिए दबाव बना रहे हैं। सपा नेता मुन्ना व अलीम ने जमीन पर कब्जा करके अवैध प्लॉटिंग भी कर रहे हैं। पीड़ित मुन्ना यादव ने पुलिस अधीक्षक से बताया कि सपा नेता मुन्ना और अलीम दबंग लोग हैं इनके ऊपर हत्या का प्रयास, हत्या करना, जमीन कब्जा करना, रजिस्ट्री चोरी करना, गैंगेस्टर एक्ट पर कार्यवाही जैसे मुकदमे दर्ज है। मुन्ना व अलीम सजा याता मुलजिम है। कभी भी पीड़ित की हत्या करवा सकते हैं। मुन्ना कहता है कि जमीन का बयनामा कर दो नही तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। मुन्ना और अलीम हत्या के आरोप में सजा भी काट चुके हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि योगी सरकार में इन माफियाओं के हौसले बुलंद कैसे है। पीड़ित की शिकायत पर स्थानीय चौकी व नगर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही क्यो नहीं कि अवैध रूप से हो रही प्लॉटिंग पर अबतक बुलडोजर क्यो नही चलाया गया।

## दस दिव्यांगजनों को सांसद के हाथों मिली मोटराईज्ड ट्राई साईकिल

### - विकास भवन परिसर में आयोजित हुआ वितरण शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित .त्रिम अंग, सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में चल रहे 09 दिवसीय समारोह के अन्तर्गत विकास भवन में आयोजित वितरण शिविर में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनन्द गोंड द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को 10 मोटराईज्ड ट्राई साईकिल का वितरण



किया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याणार्थ अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। डॉ. गोंड ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित .त्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, पैर, ऑख, कॉन अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, .त्रिम अंग, सहायक उपकरण के माध्यम से सहयोग प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लायी जाये। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की। सभी उपस्थित को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए मनीष कुमार तथा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मौसम के करवट लेने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। शुक्रवार को बदले मौसम के मिजाज से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई हैं। क्योंकि, हवाएं और तेज बारिश गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान पहुंचा सकती है! इससे जहां लोगों को गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहत मिली वहीं आसमान में उमड़ते



घुमड़ते बादलों को देख तथा बूंदाबादी के साथ तेज हवा चलने के कारण किसानों के माथे पर चिंता सताने लगी। डलमऊ तहसील क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल तैयार होने की तरफ बढ़ रही है। गेहूं की फसल में बालियां आने लगी हैं हालांकि अब तक गेहूं की बालियों में दाना पड़ चुका है, किसानों की ओर से गेहूं की फसलों के पकने का इंतजार किया जा रहा है, लेकिन शुक्रवार को बदले मौसम और हवाओं ने किसानों के चेहरों पर शिकन डाल दी,ऐसे में किसानों के आंखों की नींद उड़ चुकी है बारिश हुई तो भीगना से गेहूं के दाने बर्बाद हो जाएंगे उनकी कटाई भी नहीं हो पाएगी और किसान की पूरी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। किसान राम लखन,अवधेश कुमार, राम छत्र,संजय सिंह,बबलू सिंह आदि लोगों ने बताया कि सरसों की फसल की कटाई चल रही है गेहूं कटने को तैयार खड़े है जबकि अगर तेज बारिश और हवाएं आ गईं तो गेहूं की फसल भी जमींदोज हो सकती है। ऐसे में बारिश और हवाओं से सरसों और गेहूं की फसल भीगने और गिरने से खराब हो जाएगी। इससे सरसों का उत्पादन प्रभावित हो जाएगा, इस कारण गेहूं के उत्पादन भी असर पड़ सकता है।

# कृषि विश्वविद्यालय में गूंजा आपातकाल से सबक, विकसित भारत का संकल्प

### - जनपद के 150 से अधिक छात्रों ने किया वैचारिक संवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। .षि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 ने आज युवाओं की ऊर्जा, विचारशीलता और लोकतांत्रिक समझ का प्रभावशाली परिचय दिया। यह कार्यक्रम पूरी तरह से एक शैक्षणिक एवं बौद्धिक मंच के रूप में उभरा, जहां छात्रों ने गंभीर विषयों पर तार्किक, संतुलित और जिम्मेदार तरीके से अपने विचार रखे। लगभग 150 छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को अत्यंत जीवंत और प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस वर्ष का मुख्य विषय था भारतीय लोकतंत्र के लिए आपातकाल के 50 वर्ष—सबक और सीख। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्रों ने इस विषय पर बढ़—चढ़कर भाग लिया और एक स्वस्थ, शैक्षणिक एवं विचारशील चर्चा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की सबसे आकर्षक झलक रही छात्रों द्वारा प्रस्तुत मॉक पार्लियामेंट, जिसमें उन्होंने स्वयं ही संसद जैसा वातावरण तैयार किया। छात्रों ने सत्तापक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाते हुए विषय पर अपने तर्क अत्यंत प्रभावी और संतुलित ढंग से प्रस्तुत किए। यह पूरी प्रक्रिया एक शिक्षणात्मक अभ्यास के रूप में सामने आई, जिसने लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समझने का अनूठा अवसर प्रदान किया। नोडल अधिकारी व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अजीत सिंह ने स्वागत भाषण में यूथ पार्लियामेंट के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य धुरी बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने अपने संबोधन में भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए युवाओं को रोजगार सृजनकर्ता बनने के लिए प्रेरित किया तथा पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस अधिकारी मैविस टक ने लोकतंत्र की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को स्वतंत्र चिंतन और जिम्मेदार नागरिकता अपनाने की प्रेरणा दी। जिला युवा अधिकारी विशाल सिंह ने विकसित भारत पहल एवं डलठींतंज प्लेटफॉर्म की जानकारी दी और युवाओं को देश के लोकतांत्रिक इतिहास को समझने के लिए प्रेरित किया। नगर पंचायत बबेरू के अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ देश के विकास में योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.वी.एस. राजू ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि संसद केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक सोच है, जहां हर विचार को आवाज मिलती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा कि हम एक ऐसा भारत बनाएंगे जो केवल आर्थिक रूप से ही समृद्ध न हो, बल्कि सामाजिक रूप से संवेदनशील, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार, ज्ञान और नैतिक मूल्यों से समृद्ध तथा विश्व में आदर्श स्थापित करने वाला हो। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एस.के. सिंह, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में डॉ. अनीकेत कोलापुरे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात एक रोचक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक शैक्षणिक अनुभव बनकर उभरा, जिसमें युवाओं ने न केवल लोकतंत्र को समझा, बल्कि उसे व्यवहार में उतारने का प्रयास भी किया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि आज का युवा जागरूक, विचारशील और विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. विज्ञा मिश्रा द्वारा किया गया।

## प्रभारी मंत्री ने जनपदीय विकास महोत्सव का किया शुभारंभ

### - प्रदर्शनी का किया अवलोकन, योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। केंद्र सरकार के सफल 11 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में नौ दिवसीय जनपदीय विकास महोत्सव का भव्य शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने किया। यह आयोजन प्रदेश सरकार की नव निर्माण के नौ वर्ष संकल्प से सिद्धि सुरक्षा सुशासन समृद्धि पर रखा गया। इस गौरवशाली महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रभाव का अनुभव किया। विकास महोत्सव का शुभारंभ आडिटोरियम परिसर विकास भवन मे हुआ। मंत्री द्वारा विकास प्रदर्शनी अवलोकन करते हुए लगायी गयी। सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का सराहना करते हुए कहा कि जन सामान्य को केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल लगाए गए है। विशेष रूप से सूचना का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश एवं टेबल कलेन्टर, विरासत भी विकास का वार्षिक कलेन्डर का वितरण किया गया। जिसका मंत्री ने अवलोकन कर जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न सरकारी विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार—प्रसार किया। जिला उद्योग केंद्र द्वारा एक जनपद, एक उत्पाद योजना के तहत लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत



स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ऋण चेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सूचना विभाग से आए कलाकारों ने सांस्.तिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 9 वर्षों में सुशासन, सुरक्षा और विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि कानून—व्यवस्था को सु.ढ़ करने, किसान हित में क्रांतिकारी कदम उठाने और प्रदेश को निवेश के आकर्षण का केंद्र बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कानून—व्यवस्था की स्थिति खराब थी। सड़कों में गड्ढे, बिजली संकट, व्यापारी पलायन जैसी समस्याएं आम थीं। सरकार बनने के बाद अपराध पर नियंत्रण, एंटी—रोमियो स्क्वायड, सख्त पुलिसिंग और बेहतर कानून व्यवस्था के चलते उत्तर प्रदेश अब अन्य राज्यों के लिए मॉडल बन चुका है। विधायक जखनिया बेदी राम ने अपना सम्बोधन व्यक्त करते हुए सरकार की 09 वर्षो मे कराये गये कार्यो की सराहना की। उन्होने कहा कि यह प्रदर्शनी सरकार के किए गए विकास कार्यों की झलक देती है और राज्य में हुए अभूतपूर्व बदलाव को दिखाती है। उन्होने जनपद के विकास एवं जनपद मे लॉयन आर्डर (कानून व्यवस्था) सु.ढ रखने के लिए जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा को बधाई दी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे प्रदेश मे जीरो टालरेंस की नीति पर यह सरकार कार्य कर रही है। जिससे भय व अपराध मुक्त प्रदेश की स्थापना हुई है। उन्होने कहा कि जनपद के विकास के लिए जितना योगदान जनप्रतिनिधियों का होता है उतना ही योगदान के जिले के अधिकारियों का भी होता है। जिससे जनपद विकास के पथपर अग्रसर होते हुए नित नये आयाम छू रहा है। प्रदेश मे एक्सप्रेस—वे बनने से जहा पहले लोगो को लखनऊ जाने मे 8 से 10 घण्टे लगते थे वही आज मात्र 04 घण्टे मे ही प्रदेश के मुख्यालय पहुच रहे है। एक्सप्रेस—वे का हर जगह से कनेक्टीविटी है जिससे आज जनता की यात्रा सुगम हो रही है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की नव निर्माण के नौ वर्ष संकल्प से सिद्धि सुरक्षा सुशासन समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुरू हुए इस नौ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 18 मार्च से 26 मार्च तक अलग—अलग थीम पर किया जायेगा। जिसमें प्रतिदिन लोकमंच, आडिटोरियम सभागार मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस महोत्सव में जिले भर के लोग शामिल होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और इनका प्रत्यक्ष लाभ भी ले सकते हैं। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां योजनाओं की जानकारी, आवेदन प्रक्रिया और लाभार्थियों के अनुभव साझा किए जाएंगे। यह महोत्सव जनता को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनके सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है। आज 20 मार्च 2026 को आडिटोरियम परिसर मे युवा उद्यमी, हस्त शिल्प एवं ओडीओपी थीम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश राय, पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिला विकास अधिकारी सुबाष चन्द्र सरोज, भाजपा के वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे।

## निपुण भारत मिशन व बेसिक शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की हुई समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी द्वारा जारी रोस्टर के क्रम में आज प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्कूल चलो अभियान 2026—27 के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन द्वारा स्कूल चलो अभियान के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं। उनका शत—प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। 03 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले शत—प्रतिशत बच्चां का आंगनबाड़ी बालवाटिका में नामांकन, 06 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले समस्त बच्चों का कक्षा—1 में शतप्रतिशत नामांकन, 07 से 14 वर्ष के समस्त ड्रॉपआउट, आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हींकरण एवं विद्यालयों में शतप्रतिशत नामांकन कराया जाये। विभिन्न स्तर पर अध्ययनरत् बच्चों का शत—प्रतिशत ट्रान्जिशन अर्थात आंगनवाड़ी, बालवाटिका से कक्षा—1 में शतप्रतिशत नामांकन, कक्षा—5 से कक्षा—6 में शतप्रतिशत नामांकन, कक्षा—8 से कक्षा—9 में शतप्रतिशत नामांकन एवं कक्षा—10 से कक्षा—11 में शतप्रतिशत नामांकन कराये जाने हेतु प्रभावी रणनीति बनाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये गये। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अध्यापकों द्वारा किसी भी बच्चे को जन्म प्रमाण—पत्र अथवा आधार पहचान सम्बन्धित दस्तावेजों के अभाव में प्रवेश से बंचित न किया जाए तथा बच्चों के सम्बन्ध में अभिभावक द्वारा दी गई सूचना को प्रवेश हेतु मान्य किया जाए। शैक्षिक सत्र 2026—27 में 01 अप्रैल, 2026 को बच्चों को पुस्तकों का पूरा सेट उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में जनपद स्तर पर 48 प्रतिशत आपूर्ति प्राप्त हो चुकी है, जिसे विद्यालयों में उपलब्ध कराया जा रहा है। समग्र शिक्षा एवं पीएमश्री योजनान्तर्गत विभिन्न मदों में जारी लिमिट की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विद्यालयों में होने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करते हुए फोटो सहित निरीक्षण टिप्पणी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को 24 मार्च तक उपलब्ध करायें।



मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति के सम्बन में कार्यदायी संस्था यूपी सिड़को को नोटिस जारी करने एवं निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने के साथ निर्माण कार्य की जांच कराने के निर्देश दिये गये। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत असंतृप्त विद्यालयों की पैरामीटरवाइज सूची तैयार कर प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे होने वाली वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये। सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं में अपेक्षित कार्यवाही किये जाने के साथ—साथ समस्त जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा प्रेरणा एप के माध्यम से प्रतिमाह विद्यालय निरीक्षण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। शैक्षिक सत्र 2025—26 में 533 विद्यालय निपुण विद्यालय के रूप में उभर कर आये हैं, जिसमें जनपद आगरा मण्डल में प्रथम स्थान पर है। वित्तीय प्रगति बढ़ाये जाने के साथ्ज्ञ आई0जी0आर0एस0 प्रकरणों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

## दिनदहाड़े वृद्ध महिला से लूट, बदमाश फरार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। शहर में दिनदहाड़े लूट की वारदात से सनसनी फैल गई। वृद्ध महिला उर्मिला चौहान के साथ दो अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि उर्मिला चौहान रमेश नगर स्थित अपने एक परिचित के यहां से अपने घर आदर्श नगर जा रही थीं। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे मोटे आम चौराहे के पास पहले से घात लगाए बैठे दो बदमाशों ने उन्हें बहला फुसलाकर निशाना बना लिया। बदमाशों ने महिला को रोककर उनके कानों के सोने के कुंडल, सोने की अंगूठी और करीब 1000 रुपये नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित महिला ने तत्काल 1076 पर शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## रेडक्रॉस सोसाइटी का चुनाव सम्पन्न, पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो



बाँदा। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद शाखा के चुनाव आज मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुए। यह चुनाव प्रदेश शाखा से प्राप्त निर्देशों एवं जिलाधिकारी/अध्यक्ष की अनुमति के क्रम में आयोजित किया गया। चुनाव प्रक्रिया प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा नामित पर्यवेक्षक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव (सभापति, जिला रेडक्रॉस शाखा फतेहपुर) तथा चुनाव अधिकारी डॉ. विजय शंकर केसरवानी (उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी) की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी पदों पर सर्वसम्मति से चयन किया गया, जिससे संगठन की एकजुटता और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में सभापति संजय गुप्ता, उपसभापति मयंक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राम बहोरी, सचिव अमित सेठ के अतिरिक्त, राज्य शाखा की प्रबन्ध समिति हेतु सुनील कुमार सक्सेना को नामित किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में तरूण कुमार खरे, किशोर वाजपेयी, प्रशांत शर्मा, आदित्य सिंह, पंकज रावत, भुवनेन्द्र रावत एवं श्रीमती रेखा भटनागर शामिल हैं। चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएँ दी गईं। उपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी विजेंद्र सिंह ने सभी चयनित पदाधिकारियों से आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी जनपद में रेडक्रॉस की सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाएगी तथा समाजसेवा के कार्यों को नई दिशा देगी। इस निर्वाचन में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## हेल्पिंग द मैनकाइंड ने बांटी राशन किट

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था की ओर से हर साल की तरह इस साल भी त्यौहारों के मौके पर शहर के 200 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को राशन किट का वितरण किया गया। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी साहब के संरक्षण में संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान की अध्यक्षता एवं संस्था के उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान, उपाध्यक्ष जावेद एवं कलीम उल्लाह वरिष्ठ सहयोगी सुनील सक्सेना संस्था के सचिव उमर अली, उपसचिव आसिफ मसूदी, गफार खान आदि के नेतृत्त में संस्था के कोषाध्यक्ष अनस उल्लाह, संगठन मंत्री शेख रिजवान, कानूनी सलाहकार समीर उल हक, वरिष्ठ सलाहकार आरिफ खान, महामंत्री शहबाज खान हनी, शाखा प्रमुख मर्दननाका नफीस, शाखा प्रमुख खाईपार अली, सूचना मंत्री इरफान, कार्यालय प्रभारी इमरान, इरशाद हुसैन, अजहर, हसीब, उरूज आदि के सहयोग से पूरे शहर में टीम के द्वारा बांदा के अलग अलग मुहल्लो में जरूरतमंद परिवारों को तलाश कर दो सैकड़ा से अधिक जरूरतमंद परिवारों को राशन किट का वितरण संस्था की टीम द्वारा किया गया। त्योहारो के मौके पर राशन का सामान पाकर जरूरतमंद परिवारों एवं बच्चों में खुशी देखी गई। जरूरतमंद परिवारों बुद्धिजीवियों के द्वारा टीम के कार्य को सराहा गया एवं आशिर्वाद दुआओ से नवाजा गया।

## सीडीओ ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक के दौरान जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने, ब्लैक स्पॉट की सु.ढ़ीकरण और यातायात नियमों के उल्लंघन पर की जा रही, प्रवर्तन की कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, उसमें बताया गया कि वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 में अब तक 19347 चालान किए गए हैं, जो 27.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, वहीं तेज रतार वाहनों के विरुद्ध 62.50 प्रतिशत बढोत्तरी दर्ज की गई, जबकि फिरोजाबाद में स्थापित स्मार्ट सिटी कैमरों के माध्यम से 1 से 15 मार्च के बीच 43500 इमेज प्राप्त की गई, जिसके आधार पर 8950 ई— चालान किए गए, जनपद में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों की पहचान की गई, जिसमें मुख्य रूप से जाटवपुरी चौराहा, नगलावरी, गांधी पार्क और फिरोजाबाद क्लब चौराहा को हॉटस्पॉट घोषित किया गया। साथ ही एन0एच0—19 पर सिरसागंज पब्लिक स्कूल, नगला राधे मोड पर गुंजन चौक जैसे स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर वहां सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जन भागीदारी का विषय है, आंकड़ों से स्पष्ट है कि प्रवर्तन की कार्यवाही तेज हुई है, लेकिन हमारा लक्ष्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि बहुमूल्य जीवन मानव जीवन को बचाना है, एनएचएआई यह सुनिश्चित करें कि हाईवे पर जहां भी अवैध कट है, उन्हें तुरंत बंद किए जाएं, साथ ही एक्सप्रेसवे पर प्रत्येक 10 किलोमीटर पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि गोल्डन हॉवर्स में घायल को उपचार मिल सके, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किए, जिसमें उन्होंने कहा कि जो हेलमेट नो पेट्रोल के नियम को कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए, एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के चालान काटने की प्रक्रिया तेज की जाए, साथ ही साथ स्कूलों और कॉलेज में छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए व्यापक अभियान चलाए जाएं।

## मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने अश्वनी जैन को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं अपर जिलाधिकारी राजस्व विशु राजा के निर्देशन में जनपद के अशोक अनुरागी, अश्वनी कुमार जैन एवं योगेंद्र सिंह को मास्टर ट्रेनर की भूमिका का निर्वहन करने के लिए लखनऊ में चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए शीतल वर्मा, निदेशक एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनपद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित करने पर शीतल वर्मा ने उनके चयन पर हर्ष व्यक्त किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टीएलएम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आदि एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। शीतल वर्मा ने अश्वनी कुमार जैन के राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया एवं उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने शीतल वर्मा, आई ए एस निदेशक एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के साथ उपनिदेशक दिव्या जैन, अजीत सिंह, सनी राय, अशोक अनुरागी, योगेंद्र सिंह एवं समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया।

# साइबर सेल की तत्परता से ठगी के 50 हजार रुपये वापस

## – 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत से पीड़ित को मिली त्वरित राहत

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस की सक्रियता से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है। साइबर पोर्टल 1930 के माध्यम से थाना चौबिया क्षेत्र के ग्राम नीवासई निवासी सनोज कुमार द्वारा बैंक खाते से 50,000 रुपये की ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होते ही साइबर सेल चौबिया ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से ई–मेल और दूरभाष के माध्यम से संपर्क स्थापित किया। प्रभावी



समन्वय और तत्परता के चलते पूरी धनराशि 50000 रुपये सुरक्षित रूप से पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि को सुरक्षित कराया जा सके।

# एन्युटी भुगतान के लिए धार्मिक संस्थाओं से मांगे गए आवेदन

## - दो सप्ताह में डीबीटी हेतु दावा व विवरण जमा करना अनिवार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि एन्युटी भुगतान हेतु पात्र जनपद की सभी धार्मिक संस्थाएं, जो जनपद के एन्युटी रजिस्टर में दर्ज हैं और राजस्व परिषद स्तर से डीबीटी प्रणाली के अंतर्गत एन्युटी प्राप्त करना चाहती हैं, वे इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से अगले दो सप्ताह के भीतर अपने दावे एवं अद्यतन विवरण प्रस्तुत करें। आवेदन के साथ इच्छापत्र, बैंक खाता विवरण (कैंसिल चेक, पासबुक की प्रमाणित छाया प्रति), संस्था का विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा। यह समस्त अभिलेख जिलाधिकारी कार्यालय के जिला भूमि व्यवस्था अनुभाग (डीएलआरसी) में जमा किए जाएंगे। निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत न करने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि संबंधित धार्मिक संस्था एन्युटी प्राप्त करने की इच्छुक नहीं है और उसकी सूचना शून्य मानी जाएगी।

## अदालती नोटिस

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

वाद संख्या– 991 सन् 2023 ई०

बैंक आफ बडौदा संगठित संस्था एक्यूजीशन एण्ड ट्रान्सफर ऑफ अण्डर टेंकिग एक्ट 1970, जिसका हेड आफिस माण्डवी बडौदा गुजरात जिसका क्षेत्रीय कार्यालय नउवाबाग जिला फतेहपुर जिसकी एक शाखा फतेहपुर मुख्य, जनपद फतेहपुर में स्थित है द्वारा अंशुमन कुमार मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बडौदा शाखा फतेहपुर मुख्य जनपद फतेहपुर

....बनाम...........

1. साक्षी तिवारी पत्नी स्व० मनीष कुमार तिवारी निवासी ग्राम ब्राम्हणपुर पोस्ट खासमऊ, तहसील खागाए जिला फतेहपुर हाल मुकाम एकता नगर, पी0जी0आई0 के पास, शहर व जनपद लखनऊ।

2.उमाशंकर पुत्र स्व0 सूरजबली निवासी ग्राम ब्राम्हणपुर पोस्ट खासमऊ, तहसील खागा, जिला फतेहपुर।

3. शशी देवी पत्नी उमाशंकर निवासी ग्राम ब्राम्हणपुर पोस्ट खासमऊ, तहसील खागा, जिला फतेहपुर।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

वाद संख्या– 988 सन् 2023 ई०

बैंक आफ बडौदा संगठित संस्था एक्यूजीशन एण्ड ट्रान्सफर ऑफ अण्डर टेंकिग एक्ट 1970, जिसका हेड आफिस माण्डवी बडौदा गुजरात जिसका क्षेत्रीय कार्यालय नउवाबाग जिला फतेहपुर जिसकी एक शाखा फतेहपुर मुख्य, जनपद फतेहपुर में स्थित है द्वारा अंशुमन कुमार मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बडौदा शाखा फतेहपुर मुख्य जनपद फतेहपुर

....बनाम...........

1. साक्षी तिवारी पत्नी स्व० मनीष कुमार तिवारी निवासी ग्राम ब्राम्हणपुर पोस्ट खासमऊ, तहसील खागाए जिला फतेहपुर हाल मुकाम एकता नगर, पी0जी0आई0 के पास, शहर व जनपद लखनऊ।

2.उमाशंकर पुत्र स्व0 सूरजबली निवासी ग्राम ब्राम्हणपुर पोस्ट खासमऊ, तहसील खागा, जिला फतेहपुर।

3. शशी देवी पत्नी उमाशंकर निवासी ग्राम ब्राम्हणपुर पोस्ट खासमऊ, तहसील खागा, जिला फतेहपुर।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

# एसएसपी ने ली शुक्रवार परेड की सलामी

## - पुलिस लाइन में निरीक्षण, दौड़ व ड्रिल के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई तथा अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड में पुलिस लाइन के पुलिस बल के साथ विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त कर्मियों को भी शामिल कर विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। इसके बाद यूपी–112 पीआरवी का निरीक्षण करते हुए दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट सहित अन्य संसाधनों की जांच की गई और उनके रखरखाव व कुशल संचालन के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में आरटीसी कार्यालय, बैरक और मेस का भी जायजा लिया गया, जहां साफ–सफाई, गुणवत्ता और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। परेड के उपरांत आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों व अभिलेखों का परीक्षण किया गया तथा पुलिसकर्मियों का अर्दली रूम कर आवश्यक निर्देश दिए गए।



# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर समन्वय बैठक

## - 1 से 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान, 10 से शुरू होगा दस्तक अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जनपद स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलेगा, जबकि दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। सभी विभागों को माइक्रो प्लान तैयार कर लक्षित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। नगर विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग, एंटी–लार्वा छिड़काव और साफ–सफाई अभियान चलाया जाए। उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की सूची बनाकर वहां नालियों की सफाई, जलभराव की समस्या का समाधान, कूड़ा निस्तारण और झाड़ियों की कटाई सुनिश्चित की जाए। पंचायतीराज विभाग को ग्राम स्तर पर स्वच्छता, शौचालय उपयोग और संचारी रोगों से बचाव को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को पशु बाड़ों की साफ–सफाई, कीटनाशक छिड़काव और मच्छररोधी उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कुपोषित बच्चों को समय से पुष्टाहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को विद्यालयों के आसपास 100 मीटर के दायरे में स्वच्छता बनाए रखने और बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने को कहा गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सर्विलांस मजबूत करने, बुखार के मरीजों की समय से जांच और उपचार तथा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। .षि एवं सिंचाई विभाग को जलभराव रोकने और मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण के उपाय अपनाने को कहा गया। उद्यान विभाग को तुलसी और लेमनग्रास के पौधों का वितरण कर जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि अभियान को ग्राम प्रधानों के माध्यम से जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर बैठकें आयोजित कर अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। आमजन से अपील की गई कि मच्छरदानी का प्रयोग करें और जिन गांवों में पूर्व में संक्रमण अधिक रहा है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज, प्रभारी डीपीआरओ रोहित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




# स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली पर कड़ी समीक्षा

## - स्वच्छता, कूड़ा प्रबंधन और एमआरएफ सेंटरों को लेकर दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्थानीय निकायों द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटरों की स्थिति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जनपद में 6 एमआरएफ सेंटर प्रस्तावित हैं, जिनमें से वर्तमान में 3 संचालित हैं। शेष सेंटरों को शीघ्र पूर्ण कर सभी 6 को क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए। कम्पोजिट पिट निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा गया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत इटावा में प्रतिदिन लगभग 70 टन तथा जसवंतनगर में 2 टन कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। हैंड टू हैंड प्रणाली पूरी तरह लागू होने पर आगामी 6 माह में बेहतर परिणाम आने की बात कही गई। नारियल अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने तथा कूड़ा फेंकने वालों के विरुद्ध प्रभावी चालान की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक शौचालयों को सुलभ इंटरनेशनल को सौंपने, उन्हें आधुनिक स्वरूप देने और नियमित मरम्मत सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा में इटावा में 56, जसवंतनगर में 59, भरथना में 78 और लखना में 37 प्रगति पाई गई। मैनपावर बढ़ाकर संग्रहण प्रतिशत में वृद्धि करने तथा वाहनों की नियमित धुलाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। छोटे नगर निकायों को गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया। राजस्व वसूली के लिए मोहल्लों में अभियान चलाने तथा पुरवइया टोला के पास होलिका दहन स्थल से कूड़ा हटाकर स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के बंद होने पर चिंता जताते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रमुख चौराहों के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# डीएम-एसएसपी ने कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में की बैठक

## - ईंधन आपूर्ति, ओवररेटिंग व कालाबाजारी पर सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। गैस एजेंसी, पेट्रोल पम्प प्रबंधकों एवं सेल्स ऑफिसरों के साथ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जनपद में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में ओवररेटिंग न हो, अवैध रिफिलिंग पर रोक लगाई जाए जमाखोरी पर विशेष नजर रखी जाए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी पेट्रोल पम्पों पर सीसीटीवी कैमरे संचालित रखने और किसी भी विवाद की आशंका होने पर तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोल व डीजल बोतलों में न दिया जाए, बल्कि केवल वाहनों में ही डाला जाए। अधिक मात्रा में ईंधन लेने वाले व्यक्तियों पर नजर रखते हुए कालाबाजारी की संभावना की जांच करने के निर्देश दिए गए। गैस वितरण के संबंध में निर्देश दिए गए कि सिलेंडर केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही दिए जाएं और बुकिंग के क्रम के अनुसार उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाए। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं को ई–केवाईसी कराना अनिवार्य है, अन्यथा बुकिंग और ओटीपी प्राप्त करने में समस्या हो सकती है। जिलाधिकारी ने तीनों ऑयल कंपनियों से समन्वय बनाकर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गैस एजेंसी एवं लक्ष्मी गैस एजेंसी को स्टाफ की निगरानी, समय से सिलेंडर आपूर्ति तथा कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि जनपद का गैस कोटा अन्य जनपदों में न जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, उप जिलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# मिशन शक्तिअभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के तहत पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना सहसों पुलिस द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्राम सहसों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102/108 (स्वास्थ्य सेवा), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से बताया गया। जरूरत पड़ने पर इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



# पिछड़ा वर्ग के लिए टेलरिंग प्रशिक्षण, 24 मार्च को साक्षात्कार

## – अश्वनलाइन आवेदन अनिवार्य, 8वीं पास अभ्यर्थी कर सकते आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा अवगत कराया गया है कि उद्योग निदेशालय के निर्देशानुसार अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के स्वरोजगार हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जनपद में 4 माह का सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिसके तहत टेलरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे, साक्षात्कार की तिथि 24 मार्च निर्धारित की गई है। चयन हेतु अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक जनपद का मूल निवासी होना आवश्यक है, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 8 वीं पास निर्धारित की गई है, अभ्यर्थी ने पूर्व में इस योजना का लाभ न लिया हो। साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, एसडी फील्ड कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्तट्रक कटेनर जब्त

## – 19 लाख कीमत का वाहन न्यायालय आदेश पर राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बसरेहर पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त



एक ट्रक कंटेनर को न्यायालय के आदेशानुसार जब्त किया गया। यह कार्यवाही उच्च अधिकारियों के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 04 जून 2023 को वाहन चेकिंग के दौरान थाना बसरेहर क्षेत्र में ट्रक कंटेनर संख्या यूपी 53 सीटी 1875 को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 1540 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। इस संबंध में थाना बसरेहर पर मुकदमा अपराध संख्या 52/2023, धारा 60, 63, 72 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजी.त किया गया। विवेचना के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि उक्त वाहन का उपयोग अवैध शराब तस्करी में किया जा रहा था, जिसके आधार पर नियमानुसार जब्तीकरण की कार्रवाई की गई। मामले में जिलाधिकारी द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में ट्रक कंटेनर को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए वाहन की अनुमानित कीमत 19 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को अवैध तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कदम माना जा रहा है।

# अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

## – डीएम व एसएसपी ने क्षेत्र में भ्रमण कर संभाली सुरक्षा व्यवस्था



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अलविदा जुमा की नमाज के अवसर पर जनपद में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए। इसी क्रम में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और नमाज को सकुशल संपन्न कराया। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही आमजन से संवाद कर आगामी ईद–उल–फितर को भी आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पूरे जनपद में अलविदा जुमा की नमाज शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिससे प्रशासनिक व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से देखने को।



# एसपी ने चौकी बाकरगंज का किया आकस्मिक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद में कानून–व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने एक बार फिर सक्रियता दिखाई है। शुक्रवार को उन्होंने थाना कोतवाली अंतर्गत चौकी बाकरगंज का अचानक निरीक्षण किया। एसपी श्री मांगलिक ने चौकी कार्यालय पहुंचकर महत्वपूर्ण रजिस्टरों की गहन जांच की। विशेष रूप से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा की गई। उन्होंने पाया कि आमजन की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए गए कि जनता की फरियादों को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय–सीमा में उनका निस्तारण किया जाए। यह निरीक्षण नए एसपी अभिमन्यु मांगलिक की उस कार्यशैली का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें वे थानों–चौकियों में जाकर व्यवस्था का जायजा लेते हैं और कमियों को तुरंत सुधारने के निर्देश देते हैं। हाल ही में पदभार ग्रहण करने के बाद से ही वे जनता की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और पुलिस व्यवहार में सुधार पर जोर दे रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऐसे आकस्मिक निरीक्षण नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि पुलिस तंत्र अधिक जवाबदेह और संवेदनशील बने। आमजन से अपील की गई है कि वे बिना किसी संकोच के अपनी शिकायतें दर्ज कराएं, क्योंकि जिला पुलिस उनकी हर समस्या का संज्ञान लेने के लिए प्रतिबद्ध है।

# छत से गिरकर किशोरी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थाना कस्बा मलवां में शुक्रवार की दोपहर छत पर कण्डा सुखाने के लिए रखते समय गिरकर 10 दस वर्षीय किशोरी घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार मलवां कस्बा निवासी विकास यादव की पुत्री प्रज्ञा शुक्रवार की दोपहर छत पर कण्डा सुखाने के लिए रख रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से छत से गिरकर घायल हो गयी। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मां ने नेहा ने दी है।

# घरेलू कुत्ते ने खेल रही बच्ची पर किया हमला, घायल

**– काफी इन्तेजार के बाद भी नहीं पहुंची 108 एम्बुलेंस**

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कुम्हारन का डेरा में घरेलू कुत्ते ने तीन वर्षीय मासूम बच्ची पर हमला बोलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सरकारी एम्बुलेंस को फोन करने के बाद काफी समय बाद तक जब नहीं आयी तो परिजन प्राइवेट वाहन से बच्ची को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार कुम्हारन का डेरा गांव निवासी रामऔतार की पुत्री नैन्सी घर में ही खेल रही थी। वहीं पास में चैन से बंधा कुत्ता बैठा था इसी दौरान अचानक जंजीर तोड़कर बच्ची पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। चीख पुकार सुन मां बाप बाहर निकले और किसी तरह से बच्ची को कुत्ते से बचाया और सरकारी एम्बुलेंस को फोन कर दिया। लेकिन काफी समय बीत जाने पर जब 108 नहीं पहुंची तो पीड़ित घायल मासूम के माता पिता प्राइवेट गाडी से सदर अस्पताल आय। जहां बच्ची का इलाज चल रहा है।

# तार टूटने से मची भगदड़, राहगीर परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। कस्बे में तार टूटने से एक बड़ा हादसा टल गया, जब किशनपुर रोड स्थित ब्लॉक के सामने बंच कंडक्टर तार अचानक गर्म होकर टूट गई। तार टूटते ही मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया और वहां से गुजर रहे राहगीरों में भगदड़ मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे, जिससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिजली कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। टीम ने सुरक्षा के .ष्टिकोण से पहले बिजली आपूर्ति को बंद कराया, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके। इसके बाद टूटे हुए बंच कंडक्टर तार को ठीक करने का कार्य शुरू किया गया। करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद बिजली कर्मियों ने लाइन को दुरुस्त कर लिया और पुनः विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी। इस दौरान क्षेत्र के लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा, लेकिन समय रहते समस्या का समाधान होने से लोगों ने राहत की सांस ली। नागरिक मो मोईन, परवेज, सैफ, बजरंगी शुक्ला ने बताया कि गर्मी शुरू होते ही तारों के टूटने का सिलसिला चालू हो गया है। बिजली विभाग अधिकारी समस्या को तत्काल ठीक कर ले। साथ ही यह भी मांग की कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए ठोस कदम उठाएं। एसडीओ दीपक सिंह ने बताया कि नागरिकों की सूचना पर बिजली कर्मी भेजे गए है। लाइन ठीक करवा दी गई है।

# बाइकों की भिड़ंत में चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खखरेरू कस्बा के सीएचसी में तैनात 50 वर्षीय चतुर्थ श्रेणी महिला को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गयी। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के पछरा गांव निवासी अशोक अपनी पत्नी आशा जो खखरेरू सीएचसी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात है। बताते है कि बाइक में बैठाकर पत्नी को अस्पताल छोडने जा रहा था। तभी सीएचसी के समीप ही पीछे से आ रहा तेज रतार बाइक सवार अभिमन्यु पुत्र अर्जुन निवासी महेशपुर मठेठा थाना किशनुपर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गयी। उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष का आगमन 23 को

## - भाजपा जिलाध्यक्ष की अगुवाई में हुई स्वागत की तैयारी बैठक
## - जहानाबाद के चिल्ली चौराहे से जिला मुख्यालय तक होगा भव्य स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव की अगुवाई में बैठक आयोजित हुई। जिसमें पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रथम जनपद आगमन पर स्वागत तैयारियों की चर्चा हुई। जिसमें जहानाबाद विधानसभा बिंदकी के साथ ही जिला मुख्यालय के स्वागत स्थानों को चिन्हित किया गया। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि जिले की पूर्व सांसद को जो सम्मान राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के नियुक्ति पर मिला है उसे लेकर जिले का कार्यकर्ता उत्साहित हैं। सभी



को स्वागत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह जहानाबाद के चिल्ली चौराहे से स्वागत प्रारंभ होकर शहर के होटल रामेडियन में पूर्ण होगा। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा द्वारा सम्पूर्ण स्वागत कार्यक्रम की देखरेख व जिला मंत्री रेखा मिश्रा द्वारा जहानाबाद मंडल, मोना शुक्ला खजुहा मंडल, पुष्पराज पटेल बिंदकी मंडल, पंकज त्रिपाठी तेलियानी मंडल, ज्ञानू सचान मंलवा मंडल, उदय लोधी नगर उत्तरी मंडल की तैयारियों को मूर्तरूप देंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, उदय लोधी, अपर्णा सिंह गौतम, अर्चना त्रिपाठी, कुलदीप भदौरिया, प्रवीण सिंह, पुष्पा पासवान, सुशीला मौर्या, विक्रम चन्देल, सुमित द्विवेदी, अभिषेक श्रीवास्तव, पंकज त्रिवेदी, पंकज त्रिपाठी, मंजू शुक्ला, अभिजीत भारती, मधुराज विश्वकर्मा, अमित शिवहरे, जसवंत गिहार, विजय प्रताप सिंह, सुनिधि तिवारी, प्रदीप गर्ग, अतुल त्रिवेदी भी मौजूद रहे।

# लघु उद्योग भारती के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत दो पर एफआईआर दर्ज का आदेश

## - पीड़ित की ओर से सैय्यद नाजिश रजा एडवोकेट ने की पैरवी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भ्रष्टाचार के आरोपों की पुष्टि होने के बाद



लघु उद्योग भारती से निष्कासित पूर्व जिलाध्यक्ष समेत दो लोगों ने एक राइस मिल मालिक को इस मामले का जिम्मेदार ठहराते हुए धमकी देकर उनसे रूपए ऐंठ लिए। इससे भी पेट न भरा तो और रूपयों की मांग करने लगे। जब राइस मिल मालिक ने रूपए देने से इंकार किया तो उनकी छवि धूमिल करने के लिए सोशल मीडिया पर फर्जी पोस्ट डाली। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने में की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे पीड़ित राइल मिल मालिक ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस मामले में कोर्ट ने लघु उद्योग भारती के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत दो लोगों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। बताते चलें कि सतेन्द्र सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी 196/49 शेर गिल स्टेट गांधी ग्राम कानपुर मेटल एल्वाय प्राइवेट लिमिटेड का एमडी है और लघु उद्योग भारती संगठन का पूर्व में जिलाध्यक्ष रहा है। संगठन में भ्रष्टाचार के आरोपों की पुष्टि होने पर लघु उद्योग भारती से निष्कासित कर दिया गया था। जिस पर सतेन्द्र सिंह ने उमराव राइस मिल के मालिक भूपेन्द्र उमराव को इसका जिम्मेदार माना। अवैध धन वसूली के लिए सतेन्द्र सिंह ने भूपेन्द्र सिंह को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। भूपेन्द्र से कहा कि पांच लाख रूपए दो वरना राइस मिल उच्चाधिकारियों से कहकर बंद करवा देंगे और गंभीर मुकदमों में फंसा देंगे। भूपेन्द्र ने रूपया नहीं दिया तो 30 दिसंबर 2025 को अपने साथी आशीष सिंह के साथ मिलकर अपने फर्जी यूट्यूब चैनल से वीडियो जारी करके भूपेन्द्र उमराव पर झूठे आरोप लगाकर समाज में छवि धूमिल करने का काम किया। जिससे डरवश भूपेन्द्र ने सतेन्द्र व आशीष को पांच लाख रूपए दे दिए। जनवरी 2026 में पुनः दोनों ने दस लाख रूपए की मांग की। भूपेन्द्र ने डरवश रूपया दे दिया। 12 फरवरी 2026 को सतेन्द्र व आशीष ने फिर बीस लाख रूपए की डिमांड की। जिस पर भूपेन्द्र ने परेशान होकर कोतवाली बिन्दकी में सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर पीड़ित राइस मिल मालिक भूपेन्द्र ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। भूपेन्द्र ने अपने अधिवक्ता सैय्यद नाजिश रजा के माध्यम से ए0सी0जे0एम0 कोर्ट नं0 3 में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय ने सैय्यद नाजिश रजा एडवोकेट की दलीलों को पर्याप्त मानते हुए सतेन्द्र सिंह व आशीष के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश जारी किया है।

# परिषदीय विद्यालयों में नामांकन व नियमित उपस्थिति पर विशेष जोर

## - बेसिक शिक्षा के उत्थान को लेकर एसएमसी पदाधिकारियों का उन्मुखीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। जीटी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में शुक्रवार को ऐरायां ब्लॉक के सभी




परिषदीय स्कूल प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों एवं सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेसिक शिक्षा के समग्र उत्थान, परिषदीय विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार तथा बच्चों के नामांकन, ठहराव एवं नियमित उपस्थिति को सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा की मजबूत नींव ही समाज और राष्ट्र के विकास का आधार है। ऐसे में एसएमसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों को सशक्त बनाते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनाया जा सकता है। एसएमसी के अध्यक्षों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वे विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने, ड्रॉपआउट दर को कम करने तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। साथ ही, दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, उनके अनुकूल वातावरण एवं विशेष सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की गई। संदर्भदाता दिलीप सिंह, नवनीत सोनी, प्रेमप्रकाश सिंह एवं सुबोध कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन, शैक्षिक गुणवत्ता सुधार, नवाचार एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय के सामूहिक प्रयास से ही बेसिक शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। खंड शिक्षा अधिकारी रत्नामणि मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक (पदेन सचिव), स्कूल प्रबंध समितियों के अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री एवं ब्लॉक अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, आनंद कुमार मिश्र, विनोद कुमार, कमलेश सिंह, अमृतलाल, संदीप तिवारी, लालचंद्र मौर्य आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने बेसिक शिक्षा के उत्थान, विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार तथा प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# वीरांगना अवंतीबाई लोधी का मनाया बलिदान दिवस

**– उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर की चर्चा**

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर समाज के लोगों ने प्रतिमा स्थल पहुंचकर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन करके उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। शुक्रवार को वीरांगना अवंतीबाई के 168 वें बलिदान दिवस पर अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के बैनर तले पदाधिकारी वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थल पहुंचे। जहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लोधी समाज के लोगों ने अमर शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया और देश को हमेशा एकता एवं अखंडता की माला में पिरोने का काम करते रहने की बात कही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम लोधी, उदय लोधी, सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका राजकुमारी लोधी, अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख अक्षय लोधी, प्रभा सिंह लोधी, फूल सिंह लोधी, राजू लोधी, सूर्यपाल लोधी, बालराज लोधी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# जादू विधा के जरिए बताई सरकार की उपलब्धियां

**- नौ दिवसीय मेले का रहा तीसरा दिन**

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। प्रदेश सरकार में अभूतपूर्व विकास एवं शतत समृद्धि के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नौ दिवसीय मेला के तीसरे दिन आईटीआई फतेहपुर परिसर में महिला कल्याण विभाग, .षि विभाग, उद्योग, आयुष विभाग, दिव्यांग, पशुपालन, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, सूचना विभाग, सिंचाई, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, बैंक आदि विभागों के स्टालों के माध्यम से आम जनमानस ने योजनाओं की जानकारी ली। जिसमें महिला कल्याण विभाग की टीम ने प्रतिभाग करते हुए जागरूकता अभियान कार्यक्रम का




आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे जनमानस को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई तथा साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 181, 1090, 1076, 112, 1930 की भी जानकारी दी गई। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा नामित सांस्‍तिक दल श्रीमंत संस्कृति जादूगर एंड पार्टी द्वारा जादू विधा के माध्यम से प्रदेश सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों को बताया, उपस्थित लोगों एवं छात्र/छात्राओं ने भूरि–भूरि सराहना की। इसी क्रम में नवनिर्माण के नौ वर्ष के अंतर्गत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला एमएसएमई कानपुर के उपनिदेशक, लीड बैंक प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा, पोस्टल बैंक एवं कौशल विकास विभाग की जनपद इकाई द्वारा युवाओं को ऋण, रोजगार आदि की जानकारी दी गई।

# दो अप्रैल को ट्रस्ट मनाएगा श्री बालाजी सरकार का जन्मोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कस्बे के जीटी रोड स्थित बालाजी सेवा मंडल ट्रस्ट समिति कार्यालय में हनुमान जयंती उत्सव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं सेवादारों ने भाग लिया और सभी ने एक स्वर में



उत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ओम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि इस वर्ष बालाजी सरकार का जन्मोत्सव अत्यंत भव्य और आकर्षक रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने सभी सेवादारों से अपील किया कि वे अपनी–अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और मुस्तैदी के साथ निर्वहन करें। संस्था के वरिष्ठ सेवादार डॉ. सुनील गुप्त ने जानकारी देते हुए बताया कि दो अप्रैल को श्री बालाजी का जन्मोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बाबा के दरबार को भव्य सजावट से अलं.त किया जाएगा। इसके लिए सभी सेवादारों को अलग–अलग जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। समिति के अध्यक्ष उमेश केसरवानी और मंत्री महेंद्र गुप्त ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। बैठक का संचालन केदारनाथ शुक्ल ने किया। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रोहित गुप्त, बच्चन सिंह, संतोष गुप्त, राजेश सिंह, सीकू, दीपक गुप्त, संजय गुप्त सहित मौजूद रहे।

ईद-उल-फितर की हार्दिक मुबारकबाद

सभी देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को ईद–उल–फितर के पावन अवसर पर दिली मुबारकबाद।

यह त्योहार आप सभी के जीवन में खुशियां, अमन, भाईचारा और समृद्धि लेकर आए।
दुआ है कि यह मुकद्दस दिन हम सभी के दिलों में मोहब्बत और इंसानियत की भावना को और मजबूत करे।

- सद्दाम अंसारी
(सपा युवा नेता, लहरपुर, सीतापुर)



ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

आप सभी को ईद-उल-फितर के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

यह त्योहार आप सभी के जीवन में खुशियां, अमन, भाईचारा और तरक्की लेकर आए।
अल्लाह तआला से दुआ है कि आपकी हर नेक दुआ कबूल हो और आपका घर खुशियों से भर जाए।
ईद मुबारक!

- मोबीन अंसारी
सभासद, चौपड़ी टोला
लहरपुर, सीतापुर



ईद-उल-फितर की हार्दिक मुबारकबाद

पप्पू हसीब

आरा मशीन की तरफ से समस्त क्षेत्र एवं नगर वासियों कोईद-उल-फितर की ढेरों शुभकामनाएं एवं मुबारकबाद।

अल्लाह तआला से दुआ है कि यह मुबारक मौका आप सभी के जीवन मेंखुशियां, तरक्की और अमन-चैन लेकर आए।

आपका अपना पप्पू हसीब तंबौर, सीतापुर

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )